शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 193 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 08 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पेरिस ओलंपिक: विनेश फोगाट अयोग्य घोषित

## ज्यादा वजन के कारण नहीं खेल पाएंगी कुश्ती का फाइनल मुकाबला




**नई दिल्ली**

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट बड़ा झटका लगा है। वह पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती के 50 किग्रा भार वर्ग स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से पहले बाहर हो गई हैं। उन्हें अधिक वजन के कारण फाइनल मुकाबले से पहले अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय पहलवान फोगाट ने मंगलवार को सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 से हराया था। इससे वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं थीं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारतीय दल को इस बात का दुख है कि महिला कुश्ती 50 किलोग्राम वर्ग से विनेश फोगट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद, आज सुबह उनका वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक था। इस समय दल द्वारा कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। भारतीय दल आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करता है। वह आगे की प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहेगा।

**प्रधानमंत्री ने विनेश फोगाट मामले में आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात की**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर किये जाने के मामले में बुधवार को भारतीय ओलंपिक संघ(आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से बात की। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से बात की और उनसे इस मुद्दे पर प्रत्यक्ष जानकारी मांगी तथा विनेश की हार के बाद भारत के पास क्या विकल्प हैं, इस बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आईओए प्रमुख से विनेश के मामले में मदद के लिए सभी विकल्पों पर विचार करने को कहा है।

प्रधानमंत्री ने पीटी उषा से विनेश की मदद के लिए उनकी अयोग्यता के बारे में भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराने का भी आग्रह किया है।

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला कुश्ती के 50 किग्रा भार वर्ग स्पर्धा के फाइनल मुकाबले से अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है। फोगाट ने मंगलवार को सेमीफाइनल में क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 से हराया था। इससे वह ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनीं थीं।

### पीएम ने विनेश फोगाट को चैंपियनों में चैंपियन बताया

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर किये जाने पर पहलवान से उम्मीद न खोने और और अधिक मजबूत होकर वापसी करने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं। आप भारत का गौरव हैं और हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। काश ! मैं शब्दों में उस निराशा को व्यक्त कर पाता जो मैं अनुभव कर रहा हूं। साथ ही, मैं जानता हूं कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है और मजबूत होकर वापस आओ।

### '100 ग्राम' कम करने के लिए बाल काटे, कपड़े छोटे किए

**'सिर्फ 12 घंटे थे.. 2.7 किग्रा वजन घटाना था.. पूरी कोशिश की .. लेकिन'**






**नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट का कुश्ती के कल के सेमीफाइनल के बाद वजन 2.7 किग्रा बढ़ गया था। इसे कम करने के लिए उनके और उनकी टीम के पास केवल 12 घंटे थे। रातभर पूरी कोशिश करने के बावजूद भी सुबह वजन 50 किग्रा से 100 ग्राम अधिक रह गया। यहां तक की फोगाट के कपड़े और बाल तक काट दिए गए। अगर विनेश और उनकी टीम के पास कुछ और समय होता तो शायद वजन मानक तक लाया जा सकता था। उक्त बयान पेरिस ओलंपिक में भारत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला ने दिया है। उन्होंने विनेश फोगाट के अयोग्य ठहराये जाने के पूरे घटनाक्रम पर पेरिस में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम को सेमीफाइनल के बाद वजन तय मानक से 2.7 किलोग्राम अधिक पाया गया। इसके बाद टीम और कोच ने अपना काम शुरू किया। इसमें पानी और भोजन में कटौती और आपने पसीना बहाना शामिल था।

### सूजी आंखें, बनावटी हंसी, हाथ में चढ़ी ड्रिप, अस्पताल से विनेश की पहली तस्वीर आई सामने



**नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक-2024 में वजन ज्यादा होने के कारण मेडल से चूकने वाली महिला पहलवान विनेश फोगाट इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत खराब हो गई थी जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विनेश के साथ इस समय पूरा देश है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने भी उनको लेकर बयान दिया है और वह विनेश से मिलने अस्पताल पहुंची हैं। विनेश ने पेरिस ओलंपिक-2024 में 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में जगह बना कम से कम सिल्वर मेडल पक्का कर लिया था। लेकिन खिताबी मुकाबले से पहले जब उनका वजन तौला गया तो ये 100 ग्राम ज्यादा निकला। इसी कारण वह डिसक्वालीफाई कर दी गईं। विनेश का वजन दो किलो ज्यादा था जिसे कम करने की उन्होंने पूरी कोशिश की, लेकिन 100 ग्राम फिर भी रह गया और इसी कारण वह बीमार भी हो गईं।

**पीटी ऊषा ने जाना हाल-चाल**

वजन कम करने के लिए विनेश ने साइकिल चलाई। पानी नहीं पिया, लगातार एक्सरसाइज की। लेकिन फिर भी वह 100 ग्राम वजन के कारण इतिहास रचने से चूक गईं। अगर वह सिल्वर या गोल्ड मेडल ले आती हैं तो ओलंपिक में ये कारनामा करने वाली देश की पहली महिला पहलवान बन जातीं।

### हरियाणा के सिरसा जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद

**चंडीगढ़**

**पंजाब-हरियाणा** हाई कोर्ट के आदेश के बाद हरियाणा सरकार ने सिरसा जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इस बीच बुधवार को हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी करते हुए आदेश दिए हैं कि शाह मस्ताना बलूचिस्तानी आश्रमडेरा जगमालवाली के प्रमुख की ह्यरस्म पगड़ी के दौरान गुरुवार को सिरसा में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखें। 70 साल पहले स्थापित डेरे के उत्तराधिकार को लेकर यहां विवाद चल रहा है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने आठ अगस्त तक सिरसा में इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। वजस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने अपने आदेश में हरियाणा सरकार और कुछ निजी व्यक्तियों को नोटिस जारी कर बीरेंद्र सिंह द्वारा दायर याचिका पर जवाब मांगा है, जो खुद को डेरा का उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे हैं। हरियाणा के जींद जिले के निवासी याचिकाकर्ता ने श्री शाह मस्ताना बलूचिस्तानी आश्रम डेरा जगमालवाली के गुरु के असामयिक निधन और गुरुवार को होने वाले रस्म पगड़ी के कारण सिरसा जिले के कालांवाली के गांव जगमालवाली में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के निर्देश देने की मांग की है, जहां पंथ के तीन लाख से अधिक अनुयायियों के एकत्र होने की उम्मीद है। डेरा के कुछ सदस्यों के हाथों किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आगे के निर्देश भी मांगे गए हैं।

### श्रीलंका ने 27 साल बाद रोका भारत का विजयरथ

**कोलंबो**

**भारतीय** बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में भी जारी रहा और टीम को इस मैच में 110 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 248 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजी क्रम एक बार फिर श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने बेदम नजर आया और कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर संघर्ष करता दिखा। श्रीलंका के लिए स्पिनर दुनिथ वेलालागे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और भारतीय पारी को लड़खड़ाने में अहम योगदान निभाया। भारत के खिलाफ 0-3 से टी20 सीरीज गंवाने के बाद श्रीलंका ने वनडे प्रारूप में शानदार खेल दिखाया। दोनों टीमों के बीच पहले वनडे टाई रहने के बाद श्रीलंका ने गेंदबाजों के दम पर अगले दोनों मैच जीते।

### शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे खरगे और राहुल गांधी से मिले



**नई दिल्ली**

**शिवसेना यूबीटी** के प्रमुख उद्धव ठाकरे तीन दिन के दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। उद्धव ठाकरे दोपहर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निवास पहुंचे। उद्धव के साथ उनके पुत्र आदित्य ठाकरे भी थे। वहां पर उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। इस बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। तीन दिन के दौरे के दौरान उद्धव ठाकरे अहम बैठकें करने वाले हैं। इसमें इंडी गठबंधन के अहम नेताओं के साथ बैठक भी होगी। संसद सत्र के दौरान उद्धव ठाकरे का यह दूसरा दिल्ली दौरा है। पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान उद्धव ठाकरे ने महाविकास अघाड़ी के सांसदों से मुलाकात की थी। मंगलवार दोपहर उद्धव ठाकरे नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे और वहां से अपने परिवार के साथ संजय राउत के आवास पर पहुंचे। शिवसेना यूबीटी के सांसदों ने उनका स्वागत किया। साथ ही राज्यसभा और लोकसभा सांसदों के साथ चर्चा भी की। महाराष्ट्र में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

### राहुल गांधी ने वायनाड के पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार से पुनर्वास पैकेज की मांग की

**₹यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। मैं केंद्र सरकार से वायनाड के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज का समर्थन करने का आग्रह करता हूं"**



**नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वायनाड भूस्खलन में पीड़ित लोगों के लिए केंद्र सरकार से पुनर्वास पैकेज की मांग की है। बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा, ₹मैं कुछ दिन पहले अपनी बहन के साथ वायनाड गया था और मैंने इस त्रासदी के बाद हुए दर्द और पीड़ा को अपनी आंखों से देखा।

200 से अधिक लोग मारे गए हैं और बड़ी संख्या में लोग लापता हैं।₹ राहुल गांधी ने कहा, ₹मैं केंद्र और राज्य सरकार, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, नौसेना, कॉस्ट गार्ड, अग्निशमन विभाग और अन्य लोगों के काम और कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना सहित पड़ोसी राज्यों से सहायता की सराहना करना चाहता हूं।₹ उन्होंने कहा, ₹यह एक बहुत बड़ी त्रासदी है। मैं केंद्र सरकार से वायनाड के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज का समर्थन करने का आग्रह करता हूं, जिसमें आपदा-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे का निर्माण और समुदायों की मदद करना शामिल है।

### कांग्रेस की मंशा भारत को अराजकता की आग में झोंकने की है: अनुराग ठाकुर



**शिमला**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं की ओर से पड़ोसी देशों की तरफ भारत में भी अस्थिरता फैलने की बात पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भारत की खुशहाली व तरक्की देखी नहीं जा रही और इनकी मंशा भारत को अराजकता की आग में झोंकने की है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को एक बयान में कहा कि भाजपा सदा जोड़ने तो वहीं कांग्रेस सदा तोड़ने की बात करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत खुशहाली के साथ प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है और विश्व पटल पर अपनी सशक्त छाप छोड़ रहा है। वहीं तीन बार आम चुनावों में लगातार हार देखने के बाद कांग्रेस की मंशा देश को अराजकता की आग में झोंकने की है। भारत की तरक्की कांग्रेस के लिए असहनीय होती जा रही है और देश को पीछे धकेलने के लिए कांग्रेस भय और भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ भारत को एक ब्राइट स्पॉट के रूप में देखा जाता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी के साथ बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी में सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं के बेतुके बयान दिखाते है कि कांग्रेस पार्टी की वास्तविक मानसिक स्थिति क्या है।

### पहली बार 58.57 लाख करदाताओं ने भरा आयकर रिटर्न : सीतारमण



**नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि पहली बार 58.57 लाख करदाताओं ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरा है। यह टैक्स फाइलिंग के बढ़ते आधार का प्रमाण है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स रिटर्न फाइल करने के लिए प्रेरित करने के कई उपायों के कारण ये बदलाव आया है। सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब दे रही हैं। वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए 2023 में व्यक्तिगत आयकर स्लैब के पिछले संशोधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्लैब को ₹काफी उदार₹ बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप सभी करदाताओं को 37,500 रुपये कम कर देयता का लाभ मिल रहा है। वित्त विधेयक पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने नई कर व्यवस्था के तहत स्लैब में फिर बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपये की इनकम पर प्रभावी कर 2023 में घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया था, जिसे इस वर्ष 2024 में और कम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। यह वेतनभोगी कर्मचारी के लिए 17500 रुपये तक की प्रभावी राहत है। लोकसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने सदन को बताया कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया है।

### पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश से सुप्रीम कोर्ट की आलोचना हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से जारी एक आदेश में उन टिप्पणियों को हटाने का निर्देश दिया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की आलोचना की गई थी। सबुधवार को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान बेंच ने कहा कि हम हाई कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणी से आहत हैं। ये टिप्पणी न केवल गैरजरूरी है बल्कि सुप्रीम कोर्ट के साथ साथ हाई कोर्ट की गरिमा को भी कम करने वाली है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के जज जस्टिस राजबीर सहरावत ने 17 जुलाई को दिए अपने एक आदेश में हाई कोर्ट की ओर से शुरू की गई अवमानना कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की आलोचना की थी। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली संविधान बेंच ने हाई कोर्ट के आदेश पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की।

## युवाओं को इंटर्नशिप देने के लिए सरकार ने की बड़ी तैयारी

**सरकार ने इस योजना के लिए 500 से ज्यादा कंपनियों की सूची तैयार की है। अभी मंत्रालय ने 20 कंपनियों के साथ चर्चा की है**



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में युवाओं के लिए कई योजनाओं का एलान किया। इनमें से एक बड़ी स्कीम है- युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना। इसी सिलसिले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सरकार ने अब पीएम इंटर्नशिप योजना पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत इस स्कीम को शुरू करने के लिए उद्योगों से बात करना शुरू कर दिया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार ने इस योजना के लिए 500 से ज्यादा कंपनियों की सूची तैयार की है। अभी मंत्रालय ने 20 कंपनियों के साथ चर्चा की है। अन्य कंपनियों से भी चर्चा करने की तैयारी है। जैसे ही कंपनियों से चर्चा होगी उसके बाद योजना को लेकर विस्तृत कार्ययोजना मंत्रालय द्वारा तैयार की जाएगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर करीब 60,000 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। ये नई इंटर्नशिप योजना पढ़ाई और उद्योगों की जरूरतों के बीच की कमी को पूरा करेगी। कुल 60,000 करोड़ रुपये में से 30,000 करोड़ रुपये राज्य सरकारें देंगी, बाकी पैसे कंपनियां सीएसआर के जरिए, खासकर उपकरण खरीदने के लिए, देंगी। मंत्रालय योजना को अंतिम रूप देते वक्त पारदर्शिता के लिए जांच-पड़ताल की व्यवस्था भी करेगा।

हाल ही में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि केंद्र सरकार शीर्ष 500 कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप के लिए एक योजना शुरू करेगी। कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय इन कंपनियों के साथ मिलकर इंडस्ट्रियल स्किल्स ट्रेनिंग के लिए संसाधन जुटाएगा। इस योजना के तहत, इंटर्न को हर महीने लगभग 5,000 रुपये का भत्ता और एक बार में करीब 6 हजार रुपये की सहायता मिलेगी। इन इंटर्न को ट्रेनिंग देने का खर्च कंपनियां अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से वहन करेंगी। इस योजना में कंपनियों की भागीदारी उनकी इच्छा के अनुसार है। ये इंटर्नशिप टॉप 500 कंपनियों के सप्लायर या वैल्यू चेन पार्टनर के जरिए दी जाएगी। अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के उलट, कंपनियों पर इंटर्न को स्थायी नौकरी देने का कोई दबाव नहीं होगा। सरकार इंटर्नशिप भत्ते का 90 फीसदी हिस्सा देगी, बाकी 10 फीसदी कंपनियां देंगी और ट्रेनिंग का खर्च कंपनियां खुद उठाएंगी॥

# युवक को इलाज के लिए ठेले से लेकर पहुंचे परिजन

## गरीबी और पैसे के अभाव में अस्पताल ले जाने के लिए साधन नहीं मिला, रास्ते में तोड़ा दम, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया







**अखंड भारत संदेश**

**सैदाबाद।** हंडिया में एक युवक ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। बीमारी की हालत में युवक को परिवार वाले ठेले से लेकर सीएचसी सैदाबाद पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के अनुसार भदवा गांव निवासी वीरेंद्र मुसहर पुत्र जोखन लाल 32 वर्ष की अचानक से तबीयत खराब हो गई। गरीबी और पैसे के अभाव में अस्पताल ले जाने के लिए साधन नहीं मिला। पत्नी अपने बच्चों के साथ युवक को ठेले से लादकर सीएचसी सैदाबाद लेकर पहुंची। इस बीच रास्ते में ही युवक की हालत गंभीर हो गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। युवक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके 2 बेटे और एक बेटी है। पत्नी और बच्चो के साथ-साथ परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद युवक के मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**परिवार से मिलने पहुंचे सपा एमएलसी :** युवक की मौत की सूचना पर समाजवादी पार्टी के एमएलसी मानसिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि घटना के बारे में सपा प्रमुख को बताएंगे। युवक के परिवार की पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने सरकार पर भी जमकर निशाना साधा ' बता दें इसके पहले भदवा गांव में दूषित पानी पीने की वजह से अभी तक कुल 4 लोगों की मौत हो चुकी है।



## रिवैंप इंडिया फाउंडेशन ने परिषदीय विद्यालय में किया फलदार पौधरोपण

**बारा।** विकास खंड जसरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसेंडी में बुधवार को पौधरोपण किया गया। रिवैंप इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को पौधरोपण का महत्व समझाया गया और सभी से पौधरोपण करने और पौधे के बड़ा होने तक उसका संरक्षण करने की अपील की गई। रिवैंप इंडिया फाउंडेशन की प्रयागराज हेड प्रशंसा सिंह ने कहा कि अब तक कानपुर एवं प्रयागराज के परिषदीय विद्यालयों में कुल 1500 फलदार पौधों को संस्था द्वारा लगाया गया है। संस्था द्वारा समाज में सरकारी स्कूलों के संबंध में मूलभूत सुविधाओं के अभाव जैसी फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशंसा सिंह ने कहा, पौधरोपण अभियान के दौरान बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी शिक्षा और पौधरोपण के प्रति जागरुक किया जा रहा है। अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाया जा रहा है। पौधरोपण और जागरुकता अभियान के दौरान संस्था के ध्रुव, प्रदीप यादव, आशीष, सृष्टि तिवारी, अपर्णा, प्रांजलि पांडेय, कुणाल कनौजिया एवं शिक्षिका कंचन सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, रेखा रानी, महेंद्र कुमार, सुमंत तिवारी सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## पत्रकार के मामा की 30वीं जयन्ती धूमधाम से मनाया गया

**अखण्ड भारत सन्देश**





**मांडा।** हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के मामा का 30वीं जयन्ती बड़े धूम धाम से मनाया गया। बुधवार को हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार-मांडा के निज आवास भरथीपुर गांव मे मामा मनीष सोनकर (संजय ) की 30वीं जयन्ती बड़े धूम धाम केक काट कर मनाया गया ' जो वर्तमान में कोसड़ा कला देवकुण्ड धाम के समीप रतन इण्डिया सोलर पावर प्लांट में टेक्निशियन पद पर कार्यरत हैं। वही जन्मदिन की बधाई देने वालों की ताता लगा रहा। कार्यक्रम मे हजारी लाल, कन्हैया लाल, अवधेश सोनकर, प्रदीप कुमार, अभिषेक कुमार, श्यामधर, प्रवीण कुमार, ओम प्रकाश, चन्द्र भान सोनकर, राहुल, कृपाल,राम मिलन, मोहनी देवी, मंजू देवी, चंदा देवी, ऊषा देवी, ज्योति सोनकर, ममता, गुलशन, चम्पा देवी,नेहा, आँचल, रोशन आदि के अलावा सूरज कांत मिश्रा (सेफ्टी इंचार्ज) एवं प्लांट के समस्त कर्मचारियों ने पहुंचकर भोजन कर दीघार्यु की कामना की।

## अधिवक्ताओं ने लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहसील में तालाबंदी कर थाने का किया घेराव

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र के बरदहा गांव में तैनात लेखपाल नायब अहमद के द्वारा पैसे की मांग व गलत वरासत दर्ज करने को लेकर शिकायत की थी जिसको लेकर लेखपाल और वादकारियों के बीच मारपीट मामले में लेखपाल की तहरीर पर 3 नामजद व 3 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया जबकि अधिवक्ताओं की तहरीर पर अभी तक लेखपालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नही हुआ जिससे आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला महामंत्री हंसराज सिंह और उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में तीसरे दिन बुधवार को भी तहसील में पूर्ण तालाबंदी कर दी गई और किसी भी पटल को खुलने नहीं दिया गया और संघ के पदाधिकारी के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने थाने का घेराव करते हुए लेखपालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर नारेबाजी की इस दौरान तहसीलदार रवि प्रकाश सिंह और थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने अधिवक्ताओं को समझने का प्रयास किया लेकिन अधिवक्ता किसी भी सूरत पर मुकदमा से कम पर मानने को तैयार नहीं थे जिसके लिए तहसीलदार और थाना प्रभारी एक सप्ताह का समय मांग रहे थे कि लेखपाल के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी लेकिन अधिवक्ता वार्ता से संतुष्ट नहीं हुए और चले आए और आगे बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तय करने की बात कही।

## न्यूज झरोखा

### श्रीराम जन्मभूमि के पदाधिकारियों ने पूर्व पदाधिकारी के आवास पहुंच लिया हाल चाल



**मेजा।** श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष ने संघ के पुराने पदाधिकारी के आवास पर प्रयागराज पहुंचकर हाल चाल पूछा। संघ के पदाधिकारी के बेटे की ट्रेन की चपेट में आने से दुघर्टना में घायल हो गए थे। उन्हीं को देखने के लिए पदाधिकारी आवास पर पहुंचे थे। बता दें कि बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपक राय प्रयागराज पहुंचे और संघ के पुराने पदाधिकारी रहे लेड़ियारी प्रयागराज निवासी रामेश्वर प्रसाद दुबे के आवास पहुंच हाल-चाल पूछा। बीते दिनों रामेश्वर प्रसाद दुबे के बेटे ट्रेन की चपेट में आने से दुघर्टना में घायल हो गए थे। जिनका हाल-चाल जानने विश्व हिंदू परिषद के यमुनापार जिलाध्यक्ष ईंजी नित्यानंद उपाध्याय भी पहुंचे थे। सभी पदाधिकारियों ने ने जल्द से जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपक राय ने साथ रहे सभी संघर्षशील व्यक्तियों की सराहना की और कहा कि श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों के मेहनत का फल रहा है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी काशी प्रांत संगठन मंत्री नितिन जी, जिलामंत्री यमुनापार रवि तिवारी, विभाग संगठन मंत्री प्रयाग विभाग अंशुमान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी की संस्तुति पर संगठन का हुआ विस्तार



**मेजा।** शिवसेना प्रदेश सचिव रुचि तिवारी की संस्तुति संगठन मंत्री अरविंद एवं प्रदेश प्रमुख अभय के अनुमोदन पर प्रयागराज में संगठन का विस्तार किया गया। अरविंद मिश्रा जिला संयोजक यमुनापार शशिकांत भारतीय जिला प्रमुख युवासेना विजय प्रताप सिंह जिला प्रमुख अधिवक्ता प्रकोष्ठ, सुरेश कुमार कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष युवासेना, अजय सिंह (अज्जू )को जिला मीडिया प्रभारी यमुनापार , अमित मिश्रा जिला मंत्री युवासेना, रोहन तिवारी युवा सेना शिवसेना का जिलामंत्री नियुक्त किया गया। प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के योगदान से ही संगठन को मजबूती मिलेगी। हम सभी मिलकर प्रदेश में युवा क्रांति लाने का काम करेंगे। हम सभी को मिलकर इसे सुसंगठित बनाना है। अनुशासित होकर विशिष्ट पहचान बनाएं। तभी आप खुद को श्रेष्ठ बना सकते हैं। जनसेवक बनकर जनता जनार्दन की समस्याओं का निवारण राष्ट्र सर्वोपरि है। प्रदेश प्रमुख अभय जी ने बताया कि शिवसेना जल्द ही जिला पंचायत के चुनाव में पूरी तैयारी के साथ पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार करेगी।

### कम्प्यूटर का ज्ञान मकान में मजबूत पीलर की तरह है : डा. रवि शंकर पाण्डेय



**नैनी।** क्षेत्र के आरके कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर द्वारा लगभग दो दर्जन छात्र छात्राओं को मुफ्त कम्प्यूटर की शिक्षा देकर उसे प्रमाण पत्र सौंपा गया। क्षेत्र के मांडा खवास तारा में संचालित आरके कम्प्यूटर सेंटर के मुख्य अतिथि महावीर कैलाश महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि आज के इस बदलते परिवेश मे शिक्षा को बेहतर तथा हाईटेक तरीके से पाने मे कम्प्यूटर की ज्ञान सबसे जरूरी पहलू बन गई है। प्राचार्य ने कहा कि कम्प्यूटर का ज्ञान प्राथमिक शिक्षा से ही प्रारंभ कर दिया गया है। उच्च तथा तकनीकी शिक्षा में तो कम्प्यूटर का ज्ञान मकान में मजबूत पीलर के समान जुटता जा रहा है। आगे उन्होने बताया कि उनकी साफ मंशा है कि अधिक से अधिक छात्र छात्राएं मुफ्त के कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त करें। ताकि वे उच्च व तकनीकी शिक्षा के अलावे स्वावलंबी बन सकें। कम्प्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर प्रमाण पत्र पाने वालों मे अमरेश यादव, रितेश यादव अमन,अंजली मोर्य,शिवानी, ज्ञान देवी, संजना देवी, भूमि सिंह, सोनी मौर्य आदि रहे।

### महिला से दुष्कर्म की कोशिश प्रधान सहित दो पर मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव में घर महिला को अकेली देख घर में घुस कर अश्लील हरकते करते हुए जबरजस्ती की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है की ग्राम प्रधान दांदूपुर जंग बहादुर और मुशर्रफ चुड़िहार निवासी दांदूपुर घर में अकेला देखकर घुस कर अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार की कोशिश किए। विरोध पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने प्रधान जंगल बहादुर और मुशर्रफ चूडिहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सर्प दंश से महिला की हालात नाजुक निजी अस्पताल में भर्ती

**मऊआइमा।** खेत से घास निकाल रही महिला को सर्प ने दंश लिया जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। जिससे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मातपुर निवासी राम भरोस की पत्नी सुषमा देवी 50 वर्ष धान के खेत से घास निकाल रही थी। बताया गया है कि घास में मौजूद सर्प ने दंश लिया ।जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एलबीएस पालिटेक्निक में छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता सम्पन्न




**मांडा।** प्रयागराज' लाल बहादुर शास्त्री पालिटेक्निक मांडा प्रयागराज में छात्र छात्राओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर नोट्स लिखने, चार्ट पेपर बनाने एवं अन्य कई बिन्दुओ पर प्रतिभाग किया गया ' बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर नोट्स लिखने, चार्ट पेपर बनाने एवं अन्य कई बिन्दुओ पर प्रतिभाग किए छात्रों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान हासिल करने वाले छात्रों को संस्थान के अध्यक्ष सुनील शास्त्री ने मंच के माध्यम से बताया कि चरित्र के निर्माण के लिए एक दूसरे से शेयर करे और जहां जिस लेबल पर हो उससे ऊपर ले जाए ' वही श्री शास्त्री ने विचार सांझा करने के छात्रों को अपना ई-मेल आईडी दिए ' प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान हासिल करने वाले चार्ट पेपर प्रतिभागी छात्रों में अर्चना तिवारी, अभिषेक यादव, मो. आसिफ रजा, शिवम् व नोट्स लिखने वाले प्रतिभागी छात्रों में आर्जु बानो, यश दीप तिवारी, शुबांशु पाण्डेय, कार्तिक, विजय कुमार, प्रियांशु मिश्र, आर्यन केशरी, विकास कुमार, अंजनी कुमार श्रीवास्तव आदि के अलावा छात्र रोहित कुमार ने अपने हस्तकला द्वारा लाल बहादुर शास्त्री के चलचित्रो का अनावरण रिमोड के माध्यम से कराया ' छात्रों के उक्त कलाओ से भावुक होकर संस्थान के अध्यक्ष श्री शास्त्री ने विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया ' वही अध्यक्ष की धर्मपत्नी मीरा शास्त्री ने छात्रों की सराहना की ' कार्यक्रम मे भार्गव प्रकाश मौर्य, सुनील कुमार पाण्डेय, अमरेंद्र प्रताप सिंह, रवि शंकर केशरवानी, दिनेश कुमार का संचालन पवन केशरी ने किया ' प्रधानाचार्य ई. रजनीश कुमार उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## एक वृक्ष मां के नाम, अभियान के तहत किया वृक्षारोपण कार्यक्रम सपन्न व स्वयंसेवी छात्राओं ने निकली रैली






**कुंडा।** बुधवार को कृपालु महिला महाविद्यालय कुंडा प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना ( प्रथम एवं द्वितीय इकाई) की स्वयंसेवी छात्राओं ने शासन व(प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैय्या विश्वविद्यालय ) के निदेर्शानुसार महाविद्यालय परिसर के हरे भरे बगीचे के बीच ह्लएक वृक्ष मां के नामह्व अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर भक्ति धाम मनगढ़ से पधारे विशिष्ट अतिथि उद्गम गोयल जी ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार नागर जी ने एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा सिंह, डॉ रेखा शुक्ला, डॉ निभा रानी और स्वयंसेवी छात्राओं ने पौधा लगाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार नागर जी ने छात्राओं को पौधे की देखभाल करने एवं वृक्षो के महत्व के बारे में समझाया। छात्राओं ने पूर्ण उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाई व पौधों के देखभाल का संकल्प लिया ।तत्पश्चात प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार नागर जी की अगुवाई में कुंडा तहसील के सुभाष नगर से ब्लॉक होते हुए शिवपुरम, भगवन तिराहा, रानी महेश्वरी नगर में रैली निकाली गई ।स्वयंसेवीछात्राओं नेबैनर तथा पोस्टरके साथ शक्तियों में स्लोगन लेकर नारे लगाते हुए भ्रमण किया ।गांव-गांव गली-गली, वृक्षारोपण की लहर चली ।बंजर धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार ।एक वृक्ष सौ पुत्र समान, वृक्षारोपण कार्य महान ।वृक्ष हमारे लिए जीवनदाई हैं, हम सबको मिलकर उनकी सुरक्षा और पोषण की जिम्मेदारी लेनी होगी तभी हम पुनः हरियाली को प्राप्त कर सकते हैं,स्वयंसेवी छात्राओं ने लोगों को समझाया। इसी संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया गया। उक्त अवसर पर प्रबंधतंत्र के सम्मानित सदस्यगण, प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारीगण, एवं स्वयंसेवी छात्राएं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## श्री शिव महापुराण कथा श्रवण करने से शिवत्व की प्राप्ति : सुश्री देवी प्रज्ञा



**जंघई।** कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर प्रांगण के हाल में श्री शिवमहापुराण संगीतमयी अमृत कथा का आयोजन मंगलवार से किया गया है कथा के पूर्व गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से पूर्व गणेश पूजन के साथ पूजा अर्चना की गई कलश यात्रा गांव के विभिन्न हिस्सों एवं मंदिरों से होकर कथा स्थल पहुंची। कथा व्यास सुश्री देवी प्रज्ञा श्रीधाम वृंदावन ने दिव्य शिवपुराण कथा का वाचन किया। अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया और कहा कि भगवान शिवजी पर एक लोटा जल चढ़ा देने मात्र से ही हमारी सभी इच्छाएं और कामनाएं पूर्ण हो जाती है। इसके लिए आवश्यक है कि जब हम जल चढ़ाएं निष्कपट भाव से चढ़ाएं व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने में लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआ ? हकीकत यह है कि हमारा जन्म अपने पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने के लिए हुआ। शिव महापुराण के मंगलाचरण प्रथम दिवस की कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव सभी देवों के आराध्य देव हैं। भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य को अकाल मृत्यु का भय नहीं होता शिव कथा हमारे जीवन में मंगल करने वाली है शिव ज्ञान के दाता हैं। वह सिर्फ ओम नमः शिवाय मंत्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं कहा कि भगवान शिव जब कृपा करते हैं, तब ही हम शिवत्व का अंश मात्र समझ पाते हैं। जब तक महादेव की कृपा नहीं होती, तब तक हम धर्म, भक्ति की ओर जा नहीं सकते देवादि देव की कृपा से ही हम ईश्वर की ओर जा रहे हैं बाबा भोलेनाथ की चौखट पर जाने पर ही सुख, शांति की प्राप्ति होती है कथा के समापन पर आरती प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं में किया गया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी, आचार्य पंडित विनय कुमार मिश्र, भजन गायिका देवी प्रियंका, ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं यजमान हरिप्रसाद मिश्रा एवं राधिका देवी प्रधान, अशोक कुमार तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, काशीनाथ शुक्ला, सच्चिदानंद पांडेय, पिंटू पांडेय प्रधान, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला कल्लू नेता, सुरेंद्र तिवारी, डॉ छोटेलाल पांडेय, अनिल पांडेय, दुर्गेश शुक्ला, शिवकुमार तिवारी, सुमित तिवारी, संगम पांडेय, हरिशंकर पांडेय एवं संगीताचार्य पवन प्रीत, तबला वादक पार्थ मिश्र, पैड वादक मोहित तिवारी एवं यूट्यूब चैनल प्रज्ञा भक्ति गंगा द्वारा लाइव प्रसारण कर रहे अजय यादव मौजूद रहे।

## बीएसए को सौंपेंगे शिक्षामित्र ज्ञापन, शिक्षामित्रो ने बैठक कर बनाई रणनीति


**सैदाबाद।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जनपद प्रयागराज की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी शिक्षामित्र आगामी 12 अगस्त 2024 को अपरान्ह 2:30 बजे सर्व शिक्षा कार्यालय मम्फोर्डगंज में उपस्थित होकर वहां से जुलूस के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे जिला अध्यक्ष अश्वनी त्रिपाठी ने कहा कि सरकार शिक्षामित्र की मांगों को अनदेखा कर रही है जो उचित नहीं है विगत 7 वर्षों में शिक्षामित्र का मानदेय ?1 भी नहीं बढ़ाया गया जबकि महंगाई चरम सीमा पर है प्रांतीय संगठन के आह्वान पर शिक्षामित्र को नियमितीकरण जैसी पांच सूत्री मांगों को लेकर आप सभी शिक्षामित्र से ज्ञापन कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है बैठक में प्रमुख रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष विनोद भारतीय जिला कोषाध्यक्ष संतोष यादव ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानचंद मधुकर संतोष श्रीवास्तव विनोद तिवारी धर्मराज सिंह, सुभाष चंद्र, बबीता निशा सिंह ,विद्या देवी, सतरूपा भारतीय ,सविता आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।



## महापौर ने दधिकांदो की तैयारी का लिया जायजा

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी ने बुधवार को सलोरी एवं छोटा बघाड़ा क्षेत्र में दधिकांदो मेले की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्ग का निरीक्षण कर तीन दिन के भीतर लाइट, पानी की व्यवस्था के साथ सड़को के गड्ढे भरने का निर्देश दिया और कहा कि तीन दिन फिर आ कर मेला रूट का निरक्षण करेगे। इस दौरान मेयर गणेश केशरवानी ने कमेटी के सदस्यों से एवं स्थानीय नागरिकों बात भी की और मेला मार्ग के साफ सफाई, प्रकाश व सड़को के मरम्मत का अस्वासन दिया, इस ऐतिहासिक दधिकांदो मेला को सफल बनाने हेतु नगर निगम हर तरीके से सहयोग करेगा। इस दौरान पार्षद नीरज गुप्ता, प्रीति गुप्ता, राजू शुक्ला, नवीन शुक्ला, रॉबिन साहू, दीनानाथ कुशवाहा, अभिषेक सिंह, पीयूष सिंह, मुख्य अभियंता सतीश कुमार, मुख्य अभियंता विद्युत संजय कटियार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्ट अभिषेक सिंह, पीडीए के अधिकारी एवं क्षेत्रीय निवासीगण आदि उपस्थिति रहे।

# मां गंगा ने बड़े हनुमान मंदिर में किया प्रवेश, भक्तों ने लगाये जयकारे



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मां गंगा बुधवार को श्री बड़े हनुमान मंदिर में प्रवेश कर गईं। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के बाद गंगाजी के मंदिर में प्रवेश करते ही हर हर महादेव, जय बजरंग बली और जय मां गंगे के जयकारे गूंजने लगे। महंत बलवीर गिरि ने विधि विधान में मां गंगा की पूजा की और उसके बाद आरती उतारी। यह दृश्य देखने के लिए हजारों की संख्या में भक्त सुबह से ही मंदिर पर पहुंच गए थे। लगातार बढ़ रहीं गंगा ने बुधवार को श्री बड़े हनुमान मंदिर में प्रवेश कर हनुमानजी को स्नान कराया। मंदिर के दरवाजा पर पहुंचने पर महंत बलवीर गिरि महाराज ने मां गंगा का स्वागत किया और विधि विधान से पूजा कर गंगा आरती की। इसके बाद मां गंगा ने मंदिर में प्रवेश किया। देखते ही देखते पूरा मंदिर लबालब हो गया. गंगा मां की जै के जयकारे गूंजते रहे। अब श्री बड़े हनुमानजी के विग्रह की पूजा श्री राम जानकी मंदिर में स्थापित कर नियमित पूजा अर्चना की जाएगी।मां गंगा के मंदिर परिसर में प्रवेश करने पर महंत बालवीर गिरी ने आरती और दूध अर्पित कर मां भागीरथी का स्वागत किया। विधि विधान से मां गंगा की पूजा अर्चना की गई। पूरा मंदिर परिसर गंगा नदी में तब्दील हो गया है।यह दृश्य देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पर सुबह से ही पहुंचे थे। लगभग हर वर्ष मां गंगा मंदिर में प्रवेश करती हैं। दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहती हैं।गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। यूपी सहित आसपास के प्रदेशों में हो रही भारी बारिश के कारण नहरों और बेराज का गेट गंगा नदी में खोल दिया गया है।






## अब शहर में प्रवेश कर सकता है बाढ़ का पानी

श्री बड़े हनुमान मंदिर जलमग्न हो चुका है। गंगा अपने पूरे उफान पर हैं। अब बाढ़ का पानी शहर के निचले इलाकों में प्रवेश करने लगा है। इसके चलते घरों में रहने वाले लोग अब सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचने लगे हैं। यह दृश्य देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पर सुबह से ही पहुंचे थे। लगभग हर वर्ष मां गंगा मंदिर में प्रवेश करती हैं। दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रहती है।

# बाढ़ की चपेट में आये झूंसी के कई आश्रम

## हेतापट्टी मार्ग के ऊपर पहुंचा बाढ़ का पानी



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों में मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को हेतापट्टी मार्ग पर एक फिट से ऊपर बाढ़ का पानी आ गया। जिसकी वजह से ऑफिस व स्कूल जाने वाले बच्चों को मुशीबत का सामना करना पड़ा। गंगा तट पर स्थित कई आश्रम भी बाढ़ की चपेट में आ गए है। अभी प्रशासन की ओर से कही भी नाव का प्रबंध नही किया गया है। एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा ने पूरे सूरदास पहुच कर बाढ़ का जायजा लिया। गंगा जमुना के पानी में लगातार वृद्धि की वजह से तराई क्षेत्र में रहने वालों की नींद उड़ गई है। बाढ़ से सैकड़ों बीघे फसल जलमग्न हो गई। झूंसी के कई आश्रम बाढ़ के पानी से घिर गए है। झूंसी से हेतापट्टी जाने वाले मार्ग पर एक फिट से ऊपर बाढ़ का पानी आ गया है। सुबह काम पर निकले लोगो को पानी से गुजरना पड़ा स्कूली बच्चो को भी बाढ़ की वजह से परेशानी उठानी पड़ी। बाढ़ की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो रात तक दर्जनों गांव टापू में तब्दील हो जायेगे और इन गांवों की बिजलीं भी काट दी जाएगी। लोगो ने प्रशासन से रात तक नाव के प्रबंध व जनरेटर से गांव में बिजलीं सप्लाई करने की मांग की।

## मऊआइमा रेलवे क्रासिंग जाम का झाम फाटक बंद होने से युवक की मौत



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के रेलवे क्रासिंग पर फ्लाइओवर ब्रिज न बनने से ट्रेनों के आते जाते समय जब फाटक बंद हो जाता है तो लोग जाम से कराह उठते हैं। वर्षों से फ्लाइओवर ब्रिज की मांग की जा रही है। जाम में फंस कर बुधवार को एक युवक की मौत हो गई। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला कजियाना कलां निवासी तौकीर अहमद उर्फ मुन्ना का बीस वर्षीय पुत्र मोहम्मद हुजैफा माडल स्कूल के पास कुर्सी की दुकान रखे हुए है। बुधवार को मोबाइल लगाते समय बोर्ड में उतरे करंट से वह बेहोश हो गया।जिसे लोग तुरंत लेकर अस्पताल की ओर भागे। बताया गया है कि रेलवे फाटक बंद होने से काफी देरी हो रही थी और हुजैफा की हालत नाजुक बनी थी।जब फाटक खुली लोग निजि अस्पताल लेकर गए। डाक्टरों ने कहा देरी हो गई है। बहरहाल हुजैफा का रोता बिलखता परिवार शव लेकर घर आ गया। जहां शाम को उसको कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।इस के पूर्व भी कई मौतें फाटक बंद होने के कारण हो चुकी है।

# गंगा-यमुना उफान पर, करेली के कई मोहल्ले जलमग्न





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा और यमुना उफान पर हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में हो रही भारी के चलते जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। माता टीला बांध से गंगा में करीब डेढ़ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जो का असर भी गंगा में दिख रहा है। संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमान मंदिर जलमग्न हो गया है। इसके बाद बाढ़ का पानी और शहर के निचले इलाके में प्रवेश करने लगा है। तराई इलाकों में मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं।गंगापार और यमुनापार के इलाकों में बाढ़ का भारी असर देखने को मिल रहा है। बदरा सोनौटी समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। राहत और बचाव कार्य के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। करेली इलाके में ससुरखदेरी नदी का पानी भर गया है। कई मोहल्ले पूरी तरह से टापू में तब्दील हो गए हैं। बाढ़ की भयावहता बढ़ती ही जा रही है।यमुना में बाढ़ आने के कारण तराई इलाकों में सब्जी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में सब्जी की फसल समा न जाए इसको देखते हुए पानी आने के पहले ही किसानों ने सब्जी की खड़ी फसलों को उजाड़ दिया। सैकड़ों बीघे परवल की खेती समय के पहले ही उजाड़ दी गई। मेजा में बिहार के किसान आकर परवल की खेती करते हैं। यह सैकड़ों बीघे में बोई जाती है और कई जिलों के साथ दूसरे प्रदेश में भी आपूर्ति की जाती है। बाढ़ के चलते पूरी फसल चौपट हो गई। झूंसी इलाके के बदरा सोनौटी सहित कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोगों को घर तक पहुंचने के लिए घुटने तक पानी से गुजरना पड़ रहा है।

**दशाश्वमेध घाट पर सड़क पर आया पानी :** दशाश्वमेध गंगा घाट पर बाढ़ का पानी सड़क पर आ गया है। काशी विश्वनाथ समेत अन्य मंदिरों में जल चढ़ाने के लिए कांवड़िए इसी घाट पर जल उठाते हैं। यहां पर बाढ़ के चलते सड़कें लबालब हो गई हैं। दुकानदार अपना सामान समेटकर दूर चले गए हैं।

## खबर का असर : नैनी स्टेशन रोड के समीप की टूटी पानी पाइप लाइन को जल संस्थान के अधिकारियों ने करवाया दुरुस्त



**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर सड़क चौड़ीकरण के कार्य में जेसीबी द्वारा खुदाई के दौरान टूटी पानी की पाइप लाइन को कर्मचारियों ने तोड़ दिया था जिससे की पूरे सड़क पर पानी फैलकर तालाब का रूप ले लिया था। आपको बतादेंकि यह नजारा देखकर खुदाई कर रहे कर्मचारी वहां से रफूचक्कर हो गए थे। जिसके बाद ही वह खबर सोशल मीडिया व अखंड भारत अखबार में आग की तरह फैल गई। सोशल मीडिया व अखंड भारत अखबार की खबर जब अधिकारियों के पास पहुंची तो बुधवार को आनन फानन में सुबह से ही कर्मचारियों को कार्य पर लगवाकर टूटी पानी पाइप लाइन को दुरुस्त करवाया जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। और आने जाने वाले राहगीरों को भी थोड़ा राहत मिली। वहीं सूत्रों की माने तो सड़क किनारे किए गए बड़े गड्ढे के समीप कर्मचारियों ने अभी भी बैरिकेडिंग की सुविधा नहीं की है जिससे की कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं खबरों के असर को देखते हुए कार्य हो जाने के बाद स्थानीय लोगों में डॉक्टर मोनू केसरवानी, गुलफाम, अरुण केसरवानी, अन्नू केसरवानी, मनीष केसरवानी आदि ने अखबार को धन्यवाद दिया।

# चकबंदी में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर सैकड़ों ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गंगापार के ग्राम गडौर, फूलपुर से सैकड़ों किसान, महिला, पुरूष, ग्रामवासी बारिश में भीगते हुए प्रदर्शन करने निकल पड़े। मंडलायुक्त प्रयागराज के कार्यालय पहुंचे लोगों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए ग्राम गडौर में जारी चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।अपर मंडलायुक्त पुष्पराज सिंह ने जारी चकबंदी प्रकिया को निरस्त करने और उच्चस्तरीय जांच का आश्वासन दिया। कहा कि एक सप्ताह के अंदर ग्रामीणों को न्याय मिलेगा।असल में ग्राम गडौर, फूलपुर में चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कई महीनों से ग्रामीण एसडीएम फूलपुर, जिलाधिकारी प्रयागराज, मंडलायुक्त प्रयागराज, चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश के कार्यालयों में लगातार न्याय की गुहार कर रहें हैं।

**जांच टीम बनी लेकिन हल नहीं हुआ :** मंडलायुक्त ने पारसनाथ यादव चकबंदी अधिकारी फूलपुर प्रथम, संजय शुक्ला सहायक चकबंदी अधिकारी फूलपुर व कल्पनाथ प्रसाद चकबंदीकर्ता सहित तीन सदस्यीय जांच टीम भी बनाई है। आरोप है कि जिस जांच टीम को निष्पक्ष रहते हुए मौके पर जाकर चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार ग्रामवासियों से बयान दर्ज करते हुए वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करनी चाहिए थी वह नहीं की गई।

खेती किसानी छोड़कर आए विरोध जताने : ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से कहा कि समस्त गांवों में धान की रोपनी चल रही है, खेतीबाड़ी का काम जोरों से चल रहा है, ऐसे में मजबूरी में प्रदर्शन करना पड़ रहा है।धरना -प्रदर्शन में डॉ. कमल उसरी, किसान महासभा जिला संयोजक सुभाष पटेल, ग्राम प्रधान गडौर व गडौर चकबंदी भू प्रबंधन समिति अध्यक्ष हुबलाल, अरुण कुमार, चन्द्रभान, मौजीलाल, राजेन्द्र प्रसाद, दिलीप, सूर्य प्रकाश, अभय राज, सुखलाल, विनोद यादव, सुभाष भारती, सूबेदार, लल्लू लोहार, फूलचंद पाल, नंद लाल, अनिल यादव, आलोक, इंदुमती, गीता आदि शामिल रहीं

## न्यूज झरोखा

### शिव नगर में पानी की पाइप लाइन लीकेज से लोगों में आक्रोश



**नैनी।** नैनी अरैल सैनिक कॉलोनी शिव नगर तिराहा के आगे कई दिनों से पानी की पाइप लाइन लीकेज होने से आने-जाने में लोगों को दिक्कत हो रही है। बार-बार अधिकारियों के बताने के बावजूद भी अभी तक नहीं बन सका अभियंता नगर निगम जल संस्थान से तत्काल लीकेज पाइप लाइन को बनवाने की मांग करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा यह पाइप लाइन बजरंग मानव समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज साहू के घर के सामने पाइप लाइन लीकेज है कई दिनों से लीकेज होने के कारण आने-जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई जल्द से जल्द पानी की पाइप लाइन को बनवाया जाए।

### बिजली की अंडर ग्राउंड केबिल में धमाका



**झूंसी।** छतनाग रोड पर स्थित पार्षद शिवनारायण यादव घुन्नू के घर के बाहर बुधवार की दोपहर बिजली के अंडर ग्राउंड केबिल में अचानक जोरदार धमाका हुआ और दर्जनों घरो की बिजलीं गुल हो गई। सूचना पर बिजलीकर्मी गुड्डू अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर खराबी को दूर करने पहुंचा। इसी दौरान केबिल से दोबारा ब्लास्ट हुआ जिसमें बिजलीकर्मी के हाथ में चोट आ गई। महाकुंभ को देखते हुए पीडीए की ओर से हाल ही में छतनाग मार्ग पर बिजली की अंडरग्राउंड केबिल बिछाई गई है। इसी बीच बुधवार की दोपहर तकरीबन बारह बजे अचानक केबिल ब्लास्ट कर गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। छतनाग पार्षद शिवनारायण यादव घुन्नू ने बताया कि ठेकेदार द्वारा घटिया केबिल बिछाई जा रही है और एक फिट से कम गद्दी कर बिछाई जा रही है। मामले की लिखित शिकायत बृहस्पतिवार को पीडीए के वीसी से करेंगे।

### सेंध लगा कर ज्वेलरी की दुकान में चोरी



**झूंसी।** छतनाग रोड पर स्थित एक आभूषण की दुकान में मंगलवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर नकदी व हजारों का जेवरात पर हाथ साफ कर चम्पत हो गए। मायापुर कालोनी निवासी आर्यन ने छतनाग रोड पर जय मां विंध्यवासिनी के नाम से महीने भर पहले ही आभूषण की दुकान खोली थी। मंगलवार की रात वह दुकान बंद कर घर चला आया। रात में किसी समय चोर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर दाखिल हो गए और दुकान में रखा पांच हजार रुपया नकद और सौ ग्राम चांदी समेट कर फरार हो गए। सूचना पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल कर चली आयी।

# कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी/मेले का किया गया आयोजन



**प्रयागराज।** जिला पंचायत सभागार में कृषि विभाग द्वारा प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी/ मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मा0 विधायक बारा, डा0 वाचस्पति उपस्थित रहे। खरीफ गोष्ठी 2024 का औपचारिक शुभारम्भ दीप-प्रज्वलन करने के उपरान्त उप कृषि निदेशक एस0पी0 श्रीवास्तव द्वारा मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों को चंदन का पौध भेंट कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कृषकों से अपील की गई की सिंचाई की समुचित व्यवस्था न होने की स्थिति में दलहनी फसलों अथवा अन्न की बुवाई करें। उनके द्वारा बताया गया कि कृषकों के मध्य जैविक खेती को प्रोत्साहित करने एवं उनके लिये बाजार उपलब्ध कराने हेतु मुण्डेरा मण्डी परिसर में जैविक बाजार खोला गया है। जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं वितरण के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार द्वारा बताया गया कि कृषकों के लिये गोष्ठी एक उत्सव है जागरुक करने का एवं जागरुक होने का एवं समस्त किसान भाई सिर्फ सरकार पर आश्रित न रहे बल्कि स्वयं प्रयास करके योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते रहें एवं उनका लाभ उठायें साथ ही केवल कृषि कार्य ही न करें बल्कि पशुपालन, मत्स्य-पालन, उद्यान, मधुमक्खी-पालन आदि का भी कार्य करें एवं सम्बन्धित विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का भी लाभ प्राप्त करें, उन्होंने आगे कहा कि शीघ्र ही कृषि एवं संबद्ध विभागो की समस्त योजनाओं की संक्षिप्त सार के बैनर जनपद के सभी ब्लाको, तहसीलो पर भेजा जाएगा।विधायक बारा डा. वाचस्पति ने उपस्थित किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि किसान उत्तम खेती करे, अधिक आय अर्जित करे एवं खुशहाल हो इसके लिए किसानो को ऐसे गोष्ठियो में सम्मिलित होकर जागरूक होना चाहिए। इससे पूर्व तकनीकी सत्र में जैविक खेती, प्राकृतिक खेती एवं सब्जियो की खेती के बारे में शुआट्स संस्थान नैनी से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ योगेश श्रीवास्तव ने जीवामृत, घनजीवामृत आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शुआट्स संस्थान नैनी से आए वैज्ञानिक डॉ शैलेंद्र सिंह ने टमाटर, बैंगन जैसी सब्जियों के फल-छेदक कीटो के रोकथाम के लिए मिर्च और लहसुन के पेस्ट को घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। केवीके छाता के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमपी सिंह द्वारा कृषि विविधिकरण पर जोर देते हुये कृषकों को बहु-आयामी खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। चयनित कृषकों को अन्न के मिनीकिट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित कर गोष्ठी का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी के0 के0 सिंह, डीडीएम नाबार्ड समेत अन्य प्रमुख अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में जनपद के विभिन्न ब्लाको से आए किसान मौजूद रहे। अंत में उप कृषि निदेशक द्वारा अतिथिगण को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा समस्त कृषको एवं गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये गोष्ठी का समापन किया गया। गोष्ठी का संचालन श्रीमती प्रीती त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## करेली में मिला डेंगू का मरीज रफ्ठ हॉस्पिटल में संक्रमित महिला को कराया भर्ती

**प्रयागराज।** करेली इलाके में आज बुधवार को एक महिला डेंगू संक्रमित मिली है। लक्षण मिलने पर उसकी जांच मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के लैब में कराई कई। एलाइजा टेस्ट में उसमें डेंगू होने की पुष्टि हुई है। उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के डेंगू के लिए आरक्षित वार्ड में भर्ती करा दिया गया है। अभी तक प्रयागराज में कुल 13 डेंगू मरीज मिले हैं। इन सभी की जांच मेडिकल कॉलेज में कराई गई थी। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 9 और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 6 डेंगू मरीज मिल चुके हैं।

अगस्त और सितंबर में मिलेंगे ज्यादा मरीज : अब बारिश और बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। यही कारण है कि अब अगस्त और सितंबर माह में डेंगू मरीजों की संख्या में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एसआरएन, बेली, काल्विन, डफरिन समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू वार्ड आरक्षित कराया गया है।

## मारपीट व गालीगलौज को लेकर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मारपीट गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के उधरनपुर गांव निवासी साकिर अली पुत्र अकबर अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस जुलाई की रात करीब आठ बजे दौलत का पुरवा अमावां के कप्तान उर्फ शहरूफ खान पुत्र महरूफ खान ने उसे फोन से अमावां उसके घर आने के लिए कहा। इस पर पीड़ित बाइक लेकर उसके घर पहुंचा। इसी बीच अचानक आरोपी कप्तान उर्फ शहरूफ खान ने अपने पिता महरूफ खॉन तथा मां समशुलनिशा समेत चार लोगों ने उसे घर में बंद कर लाठी डण्डे से जमकर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने घायल पीडित को घर से बाहर फेंक दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बोलेरो से टक्कर मारकर किया घायल, दो पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बोलेरो से टक्कर मारकर घायल करने की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के विरसिंहपुर जंगल गांव की मीरा देवी पत्नी कमलेश तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच अगस्त को सुबह दस बजे उसके जेठ हरकेश कुमार तिवारी पुत्र देवेन्द्र तिवारी अपने ममेरे भाई मनोज कुमार शुक्ल पुत्र जग नारायण शुक्ल निवासी नेवढ़िया बलराज सहाय का पुरवा संग्रामगढ़ के साथ बाइक से एक मुकदमें में जमानत हेतु लालगंज तहसील जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में रायपुर स्थित पेट्रोल पम्प के साथ गांव के विपिन तिवारी पुत्र छेदी लाल ने बोलेरो से टक्कर मार दिया। जिससे हरकेश गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया और मनोज को भी गंभीर चोटें आ गयीं। आरोपी विपिन व अम्बिकेश तिवारी कई दिनों से पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ट्रांसफार्मर जलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** माह भर से जले ट्रांसफार्मर के ठीक न होने से बुधवार को ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा। बडी संख्या में विद्युत उपकेन्द्र लालगंज पहुंचकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उमरपुर भटनी गांव में लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर पचीस दिन पूर्व अचानक जल गया। जिससे गांव में दर्जन भर से अधिक परिवार के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गये। बार बार शिकायत के बावजूद विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नही बदला गया। गांव के रामू सरोज, राजेश, सुरेश, कमलेश, लालजी, श्रीनाथ, कटरहिन, रामकिशोर, आशीष, जितेन्द्र, फूलचंद्र, कमलेश मौर्य, राकेश मौर्य आदि ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण वह बार बार जल जाता है। जिसकी शिकायत करने के बावजूद विभाग ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ा रहा है। आक्रोशित ग्रामीण बुधवार की दोपहर विद्युत उपकेन्द्र लालगंज पहुंचे और एसडीओ कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने लगे। एसडीओ ने समझा बुझाकर किसी तरह उन्हें शान्त कराया। ग्रामीणों ने शीघ्र ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी है। एसडीओ मनोज त्रिपाठी का कहना है कि एक दो दिन में ट्रांसफार्मर ठीक कराकर विद्युत व्यवस्था सुचारू करा दी जाएगी।

## झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, जलजमाव से परेशानी का माहौल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार की भोर से ही लगभग चार घण्टे झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि बारिश से सार्वजनिक स्थलों पर जलभराव को लेकर लोग परेशान भी दिखे। तहसील परिसर में बारिश का पानी मुख्य गेट से लेकर एसडीएम कार्यालय तक भर गया। इससे वादकारियों तथा तहसील आने वाले फरियादियों को कठिनाईयों का सामना करते देखा गया। अस्पताल परिसर में भी बारिश का पानी जमा होने से रोगियों व तीमारदारों को हलाकान देखा गया। तहसील तथा अस्पताल परिसर नेशनल हाइवे से निचली सतह पर होने के कारण थोडी सी भी बरसात में मुसीबत का केन्द्र बन जाया करते हैं। राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग दोनों पानी जमा होने की समस्या का समाधान आज तलक तक नहीं कर सका है। वहीं नेताजीपुरम वार्ड में रोड पर जलजमाव से स्कूली बच्चों तक को परेशान देखा गया। लालगंज कालाकांकर हाइवे पर सीसी रोड के निर्माण के चलते जलभराव से दोपहिया वाहन भी शीतलमऊ तथा दीवानी वार्ड के लिंक मार्ग का सहारा ढूंढ़ते दिखे। गांवों मे भी चकरोड व सार्वजनिक रास्तों पर जगह जगह जलभराव हो उठा। लालगंज कालाकांकर हाइवे पर कई जगह जानलेवा गडढों में भी जलजमाव राहगीरों के लिए जान जोखिम लिये दिखा। घुइसरनाथ रोड पर भी कई जगह मेन रोड में जलजमाव से कांवड़िया श्रद्धालुओं को भी असुविधा में देखा गया। वहीं बरसात से किसानी को जरूर फायदा मिला है। खेतों में लबालब पानी देख धान की रोपाई को लेकर किसानों के चेहरे पर खुशी देखी गयी।

## चोरों ने घर के पीछे नकब लगाकर उड़ाए नगदी व जेवरात

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कंधई का पुरवा गांव मे चमरौटी बस्ती मे मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने राजेश गौतम पुत्र विदेश्वरी प्रसाद गौतम के घर मे पीछे से ईंट की दीवार मे नकब लगाकर अंदर घुस गये और भुसौली से सटे कमरे मे अंदर रखा बख्शा को चुरा ले गये जिसमे रखा घर के सोने व चांदी के जेवरात व नगदी लगभग 15 हजार रुपया चुरा ले गये घटना की बुधवार की सुबह जानकारी होने पर परिजनों मे हड़कंप मच गया। घर के कमरे मे बख्शा न मिलने पर पता लगाने लगे घर के पीछे जाकर देखा तो नकब लगा हुआ था सभी सन्न रह गये। घर से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर खाली पड़ा बख्शा मिला जिसमे नगदी व जेवरात गायब थे। घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों ने ग्राम प्रधान परियावां अनिल कुमार मौर्य के साथ नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान मौके पर पहुँचे। थाना प्रभारी ने उप निरीक्षक रमेश सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ किया और घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिजनों ने घटना की तहरीर पुलिस को दिया पुलिस जाँच पड़ताल मे लगी हुई है। घटना को लेकर ग्रामीणो मे आक्रोश व्याप्त है। परिजनों के मुताबिक नगदी सहित एक से दो लाख के बीच चोरी हुई है।

## लापरवाही से वाहन चलाने के आरोपों की पुलिस से की गई शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बेला गांव के रहने वाले युवक को अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया। इलाज के बाद पीड़ित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव के रहने वाले राधेश्याम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसका बेटा सूर्यभान पट्टी कस्बे से दवा लेकर वापस घर लौट रहा था। इस दौरान वह सिरनाथपुर गांव के समीप पहुंचा था तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया और गंभीर रूप से चोटें आई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने डायल 112 पुलिस के साथ ही 108 को सूचना दी और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के चलते घायल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के बाद पीड़ित परिजन मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे और बाइक सवार के विरुद्ध गंभीर आरोपों की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# 100 बेडों व खाने-पीने की निःशुल्क है नपा के आश्रय स्थल में

### - जेल रोड स्थित आश्रय स्थल का ईओ ने किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका बेल्हा के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार ने आज बुधवार को नगर के जेल रोड अचलपुर में बने सौ बेडों के आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए आश्रय स्थल को चलाने वाले जनहित सेवा में एवं शोध संस्थान के प्रबंधक को निर्देशित किया कि यहां साफ-सफाई की उचित व्यवस्था हमेशा बनी रहनी चाहिये। इसके अलावा रात में यदि कोई पहुंचता है तो उसके भी भोजन की व्यवस्था होनी चाहिये। ईओ ने आश्रय स्थल के किचन व उस हाल का भी निरीक्षण किया जिसमें सौ बेड लगाये गये हैं।



बता दें कि नगर पालिका ने जनहित सेवा एवं शोध संस्थान को इसके प्रबंधन की जिम्मेदारी है जहां पर सौ लोगों के रहने व खाने की निशुल्क व्यवस्था रहती है। ईओ ने कहा कि इसका उद्देश्य यही है कि कोई भी व्यक्ति शहर में भूखा व खुले में न सोने पाए। ईओ ने आश्रय स्थल के प्रबंधक को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख चैराहों चैक घंटाघर, सदर मोड़, स्टेशन रोड, भंगवा चुंगी, अम्बेडकर चैराहा आदि चैराहों पर होर्डिंग लगाकर आश्रय स्थल के प्रचार प्रसार की व्यवस्था कराएं।

इस निरीक्षण में नगर पालिका के जल कल विभाग के जेई सभापति यादव व आरआई लाल बहादुर भी साथ थे। उक्त जानकारी नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने दी।

# अनुपस्थित छह प्रधानाध्यापकों सहित 20 सहायक अध्यापकों के भुगतान पर लगाई रोक

### 24 शिक्षा मित्रों व 18 अनुदेशकों पर भी गिरी बीएसए की गाज

प्रतापगढ़। बीएसए भूपेंद्र सिंह द्वारा कराए गए स्कूलों के सघन निरीक्षण में जिले के विभिन्न विकास खंडों के छह प्रधानाध्यापक, 20 सहायक अध्यापक, 24 शिक्षामित्र व 18 अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थिति शिक्षकों, शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों के वेतन/मानदेय भुगतान पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

जांच अधिकारियों द्वारा बीएसए को भेजी रिपोर्ट में विकास खंड लालगंज की एक शिक्षा मित्र बाबागंज के पांच शिक्षामित्र, बाबा



बेलखर नाथ धाम के तीन सहायक अध्यापक व तीन शिक्षा मित्र व एक अनुदेशक, मंगरौरा के तीन प्रधानाध्यापक, दो सहायक अध्यापक व दो अनुदेशक, गौरा के दो सहायक अध्यापक, एक शिक्षामित्र व एक अनुदेशक, आसपुर देवसरा के दो शिक्षामित्र, संडवा चंद्रिका के दो अनुदेशक, कुंडा के तीन सहायक अध्यापक, एक अनुदेशक, सदर के दो सहायक अध्यापक एक शिक्षामित्र व एक अनुदेशक, बिहार ब्लॉक के एक प्रधानाध्यापक, दो सहायक अध्यापक व दो अनुदेशक, सांगीपुर ब्लॉक के एक प्रधानाध्यापक, तीन शिक्षामित्र व दो अनुदेशक नगर। क्षेत्र के एक सहायक अध्यापक, शिवगढ़ की एक शिक्षामित्र, रामपुर संग्रामगढ़ के तीन शिक्षा मित्र व एक अनुदेशक, लक्ष्मणपुर ब्लॉक के तीन सहायक अध्यापक, एक शिक्षामित्र व दो अनुदेशक, पट्टी के एक सहायक अध्यापक, एक शिक्षामित्र व तीन अनुदेशक, व कालाकांकर के एक प्रधानाध्यापक सहित एक सहायक अध्यापक बगैर किसी सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। बीएसए ने अनुपस्थित सभी छह प्रधानाध्यापकों, बीस सहायक अध्यापकों, चैबीस शिक्षामित्रों व 18 अनुदेशकों के वेतन/मानदेय पर रोक लगाते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# साहित्यकार कुंज बिहारीलाल व रामलखन प्रजापति को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

### सम्मान मिलने से बढ़ा जिले का गौरव

**प्रतापगढ़।** साहित्य कला संस्कृति सम्वर्धन न्यास सुलतानपुर द्वारा बेल्हा के साहित्यकार कुंज बिहारीलाल मौर्य श्काकाश्री को लोकसाहित्य के विकास हेतु पं. रामनरेश त्रिपाठी स्मृति लोकसाहित्य रत्न सम्मान तथा रामलखन प्रजापति लखन प्रतापगढ़ी को बाल साहित्य के उत्थान हेतु रामानुज त्रिपाठी स्मृति बाल साहित्य रत्न सम्मान से रणवीर राजकुमार इंटर कालेज सुलतानपुर के सभागार में एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

यह सम्मान उन्हें सत्यनाथ मठ के



पीठाधीश्वर कपाली बाबा तथा लोकभूषण सम्मान से अलंकृत डॉ. आद्याप्रसाद सिंह प्रदीप ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। समारोह में हिन्दी साहित्य की सात विधाओं के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार सम्मानित किए। इस उपलब्धि से जनपद प्रतापगढ़ का मान बढ़ा है। बेल्हा के प्रबुद्धजनों द्वारा दोनों साहित्यकारों को बधाई और शुभकामना दी गई। हर्ष प्रकट करने वालों में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, श्रीनाथ मौर्य सरस, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, राधेश्याम दीवाना, अनिल कुमार निलय, शिक्षाविद् राकेश कनौजिया, पवन कुमार सिंह, राम प्यारे प्रजापति समेत प्रबुद्धजन प्रमुख रहे।

## युवक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** युवक की हत्या में वांछित एक आरोपी शशिकांत यादव को आसपुर देवसरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मृतक राजकुमार यादव की हत्या में शामिल पांच लोगों को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बता दें नचरौला गांव में 21 नवंबर 2023 की सुबह कुल्हाड़ी से हमला कर राजकुमार यादव को घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिवारजनों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। मामले में पुलिस पांच आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। अब पुलिस ने एक और आरोपी शशिकांत यादव को बीबीपुर मुस्तरका नहर पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी पर दूसरे जिले में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

मकान हड़पने के प्रयास की पुलिस से शिकायत

पट्टी, प्रतापगढ़। मकान हड़पने के प्रयास के आरोपों की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भैदपुर गांव के रहने वाले संजय यादव रोजी-रोटी के सिलसिले में रतलाम में रहते हैं। आरोप है कि उनके मकान पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब मकान की दीवार पर लगी ग्रेनाइट पत्थर के साथ ही दीवार को तोड़ने का प्रयास किया गया। मामले में मकान मालिक के भांजे शैलेश यादव ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## जातिगत जनगणना के विरोध में कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान- आरक्षण पर 50 प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग



**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाकर लोगों में एक नई चेतना पैदा की है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना कराने से लोगों की सही संख्या का पता चल सकेगा और इससे लोगों को उनकी संख्या के आधार पर अधिकार मिल सकेगा। बैठक में उपाध्यक्ष संत बख्श पटेल, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, महासचिव बृजेश विश्वकर्मा, राम शिरोमणि वर्मा, रुक्मिणी विश्वकर्मा, सुरेश कुमार, रविन्द्र मौर्य, राम अवध यादव, राम कुमार पटेल, राम अंजोर गौड़, बजरंगी शर्मा, श्रीराम वर्मा, अवधेश वर्मा, राकेश पटेल, पुष्पराज, दिलशाद सहित अनेक पिछड़ा वर्ग कार्यकर्ता शामिल रहे।

## छात्रों के साथ खेल करने वाला फामेर्सी कालेज का संचालक पुलिस हिरासत में- छात्रों की तहरीर पर प्रतापगढ़ पुलिस कर रही पूछताछ

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** सुनहरे सपनो का सब्जबाग दिखाकर डी फार्मा और बी फार्मा कराने के नाम पर छात्रों के साथ खेल करने वाले फामेर्सी कालेज के संचालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। एसओजी और संग्रामगढ़ थाने की पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि इस बड़े नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। फोन पर सीओ लालगंज ने बताया की छात्रों की तहरीर के बाद उक्त संचालक को रडार पर लिया गया था अब उसको हिरासत में ले लिया गया है ताकि उसके पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके और डिग्री के नाम पर धोखा खाने वाले छात्रों को न्याय मिल सके।

बताते चलें की चार रोज पहले प्रयागराज और प्रतापगढ़ जनपद के दर्जनों छात्र संग्रामगढ़ थाने पहुचे और प्रयागराज में संचालित गेटवे कालेज ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल के संचालक आशीष यादव निवासी मीरापुर थाना संग्रामगढ़ के खिलाफ लिखित शिकायत किया की उसने उनका एडमिशन राजस्थान के एक ऐसे विश्वविद्यालय से करवा दिया है जो पीसीआई से अप्रूव्ड नही है। यही नही छात्रों का ये भी आरोप है की जिस परिसर में उनकी कक्षाए चलाई जानी थी वहां आशीष यादव ने गेस्ट हाउस खोल दिया। अब सैकड़ो छात्रों के सामने भविष्य चैपट होने का खतरा मंडरा रहा है।

## विकास खण्ड मानधाता का लोकपाल ने किया क्षेत्र भ्रमण- खुईलन झील के अधूरे कार्यों को समय से पूर्ण कराने का निर्देश

प्रतापगढ। लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण ने विकास खण्ड मानधाता मुख्यालय व क्षेत्र के करीब दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों का स्थलीय भ्रमण किया। खुईलनझील के अधूरे कार्य को समयबद्ध तरीके से तकनीकी पहलुओं का ध्यान रखते हुए पूर्ण कराए जाने का निर्देश ग्राम सचिव को दिया। ब्लाक मुख्यालय पर नवागत खण्ड विकास अधिकारी श्रुति शर्मा व मनरेगा सेल के साथ लोकपाल ने मनरेगा शिकायतों के निस्तारण तथा नियमानुसार मानक से कार्य कराए जाने पर प्रारम्भिक चर्चा हुई।

इसके उपरान्त लोकपाल समाज शेखर एतिहासिक सरायनाहर राय से होते हुए खुईलनझील क्षेत्र में हो रहे मनरेगा कार्यों से रूबरू हुए। उन्होने कहा कि इस प्राचीन व एतिहासिक झील का अस्तित्व बना रहे यह प्रकृति व समाज के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होने कहा कि अखण्ड झील को खण्ड खण्ड में बांट कर तालाब बनाना आप्राकृतिक कार्य है। लोकपाल ने तालाबों में इनलेट व आउटलेट न बनाए जाने का कारण सचिव से पूंछा तब उन्होने जल्द बनाने की बात कही। भ्रमण के दौरान पूरे नगवा, मझगवां, पर्वतपुर व अवधनाथधाम में हुई चेकडैम की मांग हुई। ब्लाक में लोकपाल से हैन्सी जयचन्द्र ग्राम के प्रधान अंसार अहमद ने मिलकर अपने ग्राम में आमत्रित किया। बलापुर ग्रामपंचायत में खेत तालाब के कार्य अधूरे मिले तथा सी आर बी बोर्ड भी अनुपलब्ध मिला। वहीं जागरूक नागरिक महेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि मनरेगा योजना चलती रहे इससे गरीब और कमजोर लोगों को ताकात मिल रही है।

# परमहंस परमात्मानंद महराज एक सच्चे संत थेः माता सच्चिदानंद

## सीताराम धाम में परमात्मानंद की मनी प्रथम पुण्यतिथि

**प्रतापगढ़।** सीताराम धाम में परमहंस परमात्मानंद महराज की प्रथम पुण्यतिथि माता सच्चिदानंद वृंदावन की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। सुंदरकांड का पाठ एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर चित्र के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण करने की पश्चात माता सच्चिदानंद ने कहा कि आप एक परम संत थे। आपने परमहंस स्वरूप को प्राप्त कर लिया था। राग द्वेष आपके अंदर लेश मात्र भी नहीं था सदा अपने समाज के



कल्याण के लिए और आपने भक्तों के लिए भगवान की आराधना करते रहे श्रीमद्भागवत श्रामचरितमानस शिव पुराण आदि का जब आप श्रवण कराते थे तो कभी दक्षिणा नहीं मांगते थे। धमार्चार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आप दयालुता करुणा की प्रतिमूर्ति थे। महराज जी का प्रतापगढ़ से बड़ा ही पुराना संबंध था। इस अवसर पर सीताराम धाम के संस्थापक सियाराम गुप्ता, विजय नारायण पांडे, अजय सिंह, पवन राव एडवोकेट, रंग बहादुर सिंह, संजय राय एडवोकेट, शिवदास, अखिलेश पुजारी सहित अनेकों भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आपको एक सच्चा संत बताया।

## स्वर एवं व्यंजन दोनों एक-दूसरे के बगैर अधूरे: ओम प्रपन्नाचार्य

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर स्थित रामनारायण इंटर कॉलेज में बुधवार को जगदगुरु रामानुजाचार्य ओम प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा बच्चों से संवाद करते हुए ज्ञान एवं विज्ञान पर चर्चा की गई। बता दें कि बच्चों से संवाद करते हुए ओम प्रपन्नाचार्य ने कहा कि शिव पुराण मानव प्रकृति को चेतना के चरम तक ले जाने का सर्वोच्च विज्ञान है। योग को एक विज्ञान के रूप में व्यक्त किया गया है। भोलेनाथ की चैखट पर जाने पर ही सुख-शांति की प्राप्ति होती है। स्वर एवं व्यंजन एक दूसरे की बगैर अधूरे हैं। 84 लाख योनियों में मनुष्य योनि सर्वश्रेष्ठ है। बता दें कि उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा श्री गुरु समर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, रमेश चंद्र सोनी, प्रधानाचार्य विजयंत शर्मा, उप प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा, शिक्षक विजय कुमार दुबे, जयशंकर तिवारी, राजबली शर्मा, सत्यजीत राय, दुर्गावती मौर्य, दीपा मिश्रा, पूनम यादव समेत विद्यालय की समस्त छात्र एवं छात्राओं के साथ

# ओवरटेक करने में टवेरा चालक पिकअप से टकराया एक की मौत 7 लहूलुहान

**कामतानाथ स्वामी चित्रकूट का दर्शन करने जा रहे चरवा के व्यापारियों की टवेरा महेवा घाट थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त**





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के आठ व्यापारी एक टवेरा वाहन में सवार होकर मंगलवार की रात्रि 10 बजे कामतानाथ स्वामी चित्रकूट का दर्शन करने जा रहे थे टवेरा चालक अनियंत्रित गति से वाहन चला रहा था जैसे ही टवेरा चालक महेवा घाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर गांव के पास कामदगिरि कोल्डस्टोरेज के पास पहुँचा आगे जा रहे तेज गति ट्रैक्टर को ओवरटेक करने लगा दूसरी दिशा सामने से पिकअप वाहन आ रहा था लेकिन पिकअप आता देख करके भी टवेरा वाहन चालक ने ट्रैक्टर के पीछे अपने वाहन को नहीं रोका बल्कि ट्रैक्टर को क्रॉस करने की जोरदार कोशिश किया टवेरा वाहन चालक की इसी लापरवाही के चलते टवेरा वाहन की पिकअप वाहन से आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी हादसा इतना तेज था कि टवेरा के परखच्चे उड़ गए टवेरा में सवार व्यापारी घायल होकर छिटक कर सड़क पर गिर पड़े मौके पर कोहराम मच गया तेज आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग और मौके पर रुके राहगीरों ने मदद को हाथ बढ़ाया मामले की सूचना थाना पुलिस के साथ एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक टवेरा सवार एक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी मामले की जानकारी आधी रात को जैसे ही चरवा गांव पहुंची पूरे गांव में कोहराम मच गया परिवार के लोग अस्पताल पहुंचने लगे हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल से प्रयागराज के अस्पताल में रेफर कर दिया है जहां अलग-अलग नर्सिंग होम में घायलों का इलाज चल रहा है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पिकअप चालक भी इस हादसे में घायल है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के सतीश केसरवानी, हीरा लाल केसरवानी, दया राम माली,भारत लाल कुशवाहा, ननकू वर्मा,सतुरंजय उपाध्याय व बलीपुर टाटा गांव के सुनील वर्मा अंशु कुशवाहा मंगलवार की रात्रि करीब 9:30 बजे निजी साधन टवेरा गाड़ी से सवार होकर चित्रकूट कामतानाथ कामदगिरि का दर्शन करने जा रहे थे। जैसे ही महेवाघाट थाना क्षेत्र के बैरागीपुर कामदगिरि कोल्ड स्टोरेज के पास पहुँचे आगे जा रहे तेजगति ट्रैक्टर को टवेरा चालक ओवरटेक करने लगा सामने से पिकअप वाहन आ रहा था सामने से पिकअप को आता देख कर भी टवेरा गाड़ी चालक ने ट्रैक्टर को ओवरटेक छोड़कर ट्रैक्टर के पीछे वाहन नही लगाया ओवरटेक के चक्कर मे टवेरा चालक सामने से आ रही पिकअप से जोरदार आवाज के साथ टक्कर हो गयी दर्शनार्थियों से भरी टवेरा गाड़ी रोड़ के किनारे पलटते हुए गड्ढे में जा गिरी घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के घर के लोग और राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। राहगीरों की मदद से दर्शनार्थियों को टवेरा गाड़ी से खून से लथपथ की हालत में बाहर निकाला गया। अंशू कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई है। राहगीरों ने पुलिस व डायल 108 एम्बुलेंस को घटना की जानकारी दिया मौके टेंवा चौकी पुलिस डायल 108 एम्बुलेंस वाहन पुलिस की मदद से मृतक सहित घायलों को इलाज हेतु संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर भेजा गया। हालत गम्भीर होने के कारण डॉक्टरों ने सभी घायलों को इलाज हेतु प्रयागराज रिफर कर दिया है। सभी घायलों का इलाज प्रयागराज के नारायण स्वरूप हास्पिटल चल रहा है। मृतक के परिजनों का हाल बेहाल है। हिनौता चौकी पुलिस ने मृतक की डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए मंझनपुर भेज दिया है। घायलों की हालत गम्भीर बतायी जा रही है।

## न्यूज झरोखा

## विभागीय योजनाओं इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत लाएं प्रगति : एडीएम

**अपर जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा**



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/इंडीकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं/इंडीकेटर्स की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें, जिससे इंडीकेटर्स ए या बी श्रेणी में रहें। इंडीकेटर्स सी या डी श्रेणी में पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। अपर जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान इंडीकेटर्स-प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, 15वॉं वित्त आयोग ग्राम पंचायत (व्यय धनराशि का प्रतिशत), स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अण्डा उत्पादन, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य उत्पादन, ओडीओपी वित्त पोषण योजना एवं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना श्रेणी डी में पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार इंडीकेटर्स-डे एनआरएलएम बीसी सखी, सीटी स्कैन सेवायें, पीएम पोषण, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान, ओडीओपी टूलकिट वितरण योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना श्रेणी डी में पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।

## सिविल सेवा में इतिहास की उपयोगिता विषय पर एक व्याख्यान आयोजित



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महा विद्यालय भरवारी में इतिहास विभाग द्वारा सिविल सेवा में इतिहास की उपयोगिता विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कौशांबी के मुख्य ट्रेजरी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा में इतिहास की भूमिका पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए सिविल सेवा में उत्तर लिखते समय कौन-कौन सी सावधानियां विद्यार्थियों को बरतनी चाहिए, बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सिविल सेवा की तैयारी करने और महाविद्यालय के शिक्षकों का मार्गदर्शन लेने और साथ ही भविष्य में सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अतिथि व्याख्यान कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डा. मोहम्मद आदिल ने किया। इस अवसर पर डा.सी.पी.श्रीवास्तव, डा. राहुल राय,डा. अरुण कुमार सिंह,डा. धर्मेंद्र अग्रहरी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ई रिक्शा पलटा, सास- दामाद घायल



**कौशाम्बी।** कड़ा थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के पास मोड़ पर एक ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया जिससे रिक्शे पर सवार सास और दामाद घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पचऊ सिंह पुत्र सोंधूँ उम्र 44 वर्ष अपनी ससुराल सरसई खागा गए हुए थे, वहाँ से अपनी सास धनपति देवी उम्र 65 वर्ष पत्नी छेदी लाल को ई रिक्शा बुक करके अपने घर मामासई, कड़ा जा रहे थे। जैसे ही ई रिक्शा दौलतपुर मोड़ के पास पहुंचा अनियंत्रित होकर पलट गया। आस पास के लोग घटना स्थल पर पहुचे और दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा सी एच सी कड़ा में भर्ती करवाया।

# कक्षा 06 से 08 में कुल 67 बच्चों के सापेक्ष जांच में 01 बच्चा ही मिला उपस्थित

**जॉच में विद्यालय की व्यवस्था खराब पाये जाने पर प्रधानाध्यापक निलम्बित व समस्त स्टाफ को दी नोटिस**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** ए०के० सागर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिनांक 02.08.2024 को जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार कम्पोजिट विद्यालय अलीपुरजीता का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई कमियाँ उजागर हुई, जिसके क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कड़ा द्वारा दिनांक 06.08.2024 को कम्पोजिट विद्यालय अलीपुरजीता का सघन निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के द्वौरान विद्यालय में कुल नामांकन 152 के सापेक्ष मात्र 32 बच्चें ही उपस्थित पाये गये। कक्षा 06-08 में कुल 67 बच्चों के सापेक्ष मात्र 01 बच्चा ही उपस्थित पाया गया तथा इन्चार्ज प्रधानाध्यापक मधुकर ओझा व स्टाफ द्वारा उपस्थिति बढ़ाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में बच्चों को दूध का वितरण नहीं किया जा रहा है। इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा जब से विद्यालय का चार्ज संभाला गया है तब से किसी भी वर्ष का कम्पोजिट ग्रांट व्यय का विवरण उपलब्ध नहीं करा सके विद्यालय में उपस्थित 32 बच्चों के सापेक्ष जितनी सब्जी बनवाई गयी थी वो पर्याप्त नहीं थी और न ही मीनू के अनुसार ही थी।निरीक्षण तिथि को मात्र 32 बच्चे उपस्थित थे,जबकि पूर्व के दिवसों में मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की सख्या क्रमशः 92, 90 व 92 अंकित की गयी थी। इसके अलावा विद्यालय के एम०डी०एम० में खुले तेल, मसालों का प्रयोग किया जा रहा था,जबकि ब्राण्डेड सील पैक्ड सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिये गये हैं।

इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा कक्षा 6,7,8 में विज्ञान और गणित पढ़ाते है, परन्तु इनके द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एवं इंस्पायर अवार्ड परीक्षा के लिए बच्चों के आवेदन कराने सम्बन्धी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष में ताला बंद था, ताला खुलवाने पर किताबो के ऊपर अत्याधिक धूल पड़ी थी पुस्तक इश्यू रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। कुछ कक्षों में ताला बन्द था खिड़कियां टूटी हुई थीं जिसके अन्दर अत्यधिक झाड़-झंकाड़ भरा हुआ था तथा प्र०अ० कक्ष में अत्यधिक गन्दगी तथा सामान बिखरे हुए पाये गये। विद्यालय में जर्जर भवन अव्यस्थित है परन्तु इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा जर्जर भवन में किसी प्रकार की बैरकेडिंग नही करायी गयी है। शासन द्वारा प्रदत्त टैबलेट का प्रयोग इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा नहीं किया जा रहा है। विद्यालय की रंगाई-पुताई अत्यंत खराब है। विद्यालय में बच्चों को पेड़ पर चढ़ाकर डाली तोड़वाने की शिकायत जॉच के समय प्राप्त हुई इस बारे में पूछने पर इन्चार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा कहा गया की ये कार्य मैं किससे कराऊँ। इसके अतिरिक्त विद्यालय में समस्त स्टाफ द्वारा टाइम एण्ड मोशन शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा था एवं समय सारणी का प्रयोग करते नहीं पाया गया। न ही किसी शिक्षक द्वारा शिक्षक डायरी अपडेट की गयी थी। निपुण विद्यालय बनाने हेतु विद्यालय में कोई कार्ययोजना नहीं बनायी गयी थी, न ही निपुण रजिस्टर बनाया गया था तथा निपुण बच्चों की भी सही जानकारी नहीं दी गयी। मधुकर ओझा, इन्चार्ज प्रधानाध्यापक सविलियन विद्यालय अलीपुरजीता को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया एवं विद्यालय में कार्यरत चन्द्रपाल सहायक अध्यापक सहित अन्य सभी शिक्षकों को शिक्षण कार्य में रूचि न लिये जाने व छात्र उपस्थिति में वृद्धि के लिए कोई प्रयास न किये जाने के लिए कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है।

# डीएम ने दिये उद्यमियों की समस्याओं को निस्तारित करने का निर्देश

**विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनां को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश**



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 591 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 29 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है, जिसमें से आबकारी विभाग के-09, प्रदूषण एवं नियन्त्रण बोर्ड के-08, खाद्य एवं औषधि विभाग के-03, कृषि विभाग के-08 एवं आईटी विभाग के 01 प्रकरण सम्मिलित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत बैंको द्वारा 05 आवेदन स्वीकृत हो चुकें हैं। इसी प्रकार एमवाईएसवाई योजना के तहत 76 लक्ष्य के सापेक्ष 23 तथा ओडीओपी योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 05 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदन को बैंको से समन्वय कर निस्तारित कराने के निर्देश दियें। उन्हांने उपायुक्त उद्योग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य के लिए उद्यमी मित्र को नोडल बनाने तथा कार्यालय स्टॉफ को ब्लॉक व निकायवार नामित करते हुए सत्यापन कार्य कराने के निर्देश दियें। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने ग्राम-सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिशासी अधिकारी दारा नगर कड़ाधाम द्वारा अनापत्ति चाहा गया है, अभी तक अनापत्ति प्राप्त नहीं हुई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आगामी बोर्ड बैठक में उपायुक्त उद्योग को भी बुलाया जाय, जिससे उपायुक्त उद्योग चेयरमैन एवं सभासदों को औद्योगिक आस्थान विकसित किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दे सकें एवं बोर्ड में अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने का प्रस्ताव पास हो सकें। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लक्ष्य 1200 के सापेक्ष पोर्टल पर कुल 27733 आवेदन प्रत्र प्राप्त हुए हैं। अभी तक ग्राम प्रधान/अधिशसी अधिकारी द्वारा पोर्टल पर 19294 आवेदन पत्र सत्यापित कर ऑनलाइन जिला स्तरीय समिति को प्रेषित किया गया है। जिला स्तरीय समिति द्वारा विभिन्न खण्ड विकास अधिकारियों तथा सम्बन्धित तहसील से प्राप्त रिपेर्ट के आधार पर 6953 आवेदन पत्रां को संस्तुति कर राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित किया गया हैं, शेष ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन पत्रों के सत्यापन के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारी गण तथा व्यापारीगण-प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# पुलिस द्वारा किए गए जुए के खुलासे से लोग अचंभित

**जुआ फड़ से बाइस हजार बरामद पुलिस के खुलासा में झोल ही झोल**

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में बंद कमरे के अंदर काफी दिनो से चौकी पुलिस के संरक्षण में लाखों रुपए का प्रतिदिन जुआ का खेल बेखौफ हो रहा था। जुआ की फड़ पर जनपद और गैर जनपद के जुआड़ी किस्मत आजमाने लग्जरी वाहनों से आया करते थे। जुआ फड़ का संचालन मनौरी का ही एक ब्यवसाई परिवार कर रहा था उसके संरक्षण में जुआ का खेल लंबे समय से हो रहा था जुआरियों को एकत्रित करने और उन्हें शरण देने के नाम पर वह कमिशन नाल की रकम वसूली करता था जुआ फड़ संचालन की जानकारी मिलने के बाद एक सिपाही जुआ की फड़ पर मुखबिर बन कर पहुंचा और वह जुआरियों के बीच में शामिल हो गया जुआ खेलने की बात सही निकली और सिपाही ने मामले की जानकारी विभाग के अधिकारियों की दी इसकी भनक जब पुलिस अधिकारियों को हुई तो क्षेत्राधिकारी चायल के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी और थाना पुलिस की टीम गठित कर जुआ की फड़ पर पुलिस ने भारी फोर्स के साथ छापा मारा अचानक बाजार में भारी पुलिस फोर्स देखकर कस्बे के लोग दंग रह गए कि क्या मामला हो गया पुलिस छापा में मौके से दर्जनों जुआरियों को गिरफ्तार किया गया भारी पुलिस फोर्स देख कर कुछ जुआड़ी पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल हो गए पकड़े गए जुआडियों से भागे हुए जुआडियों के बारे में पूछताछ करने के बाद उसी रात पुलिस की टीम ने मनौरी में एक बार फिर छापा मारकर कुछ जुआरियों को और भी गिरफ्तार किया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके से लाखों रुपए बरामद हुआ है, लेकिन पुलिस के द्वारा किए गए जुए के खुलासे से लोग अचंभित हैं। इतनी बड़ी कहानी के बाद खोदा पहाड़ निकली चुहिया की कहावत चरितार्थ हो रही है हालांकि जुआरियों की बातों को सच माने तो दबी जुबान से उनका कहना है कि मौके पर 500000 की रकम थी और मामले में लीपा पोती करने के नाम पर उनकी जेब फिर ढीली की गई है।

## सौतेले देवर द्वारा भाभी को पीटने के मामले में फिर आया एक नया मोड़ ...

**खेत में काम कर रही दलित मजदूर महिला ने नग्न कर पीटने का लगाया आरोप, जमीनी विवाद के चलते तनाव की स्थिति, किसी अनहोनी के पहले मामले का निस्तारण करना होगा**

**कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के कोरीपुर गांव की महिला रन्नो देवी को उसके सौतेले देवर ने कई लोगों के साथ मिलकर पीटा था मामले को लेकर रन्नो देवी जिला अधिकारी से भी मिलकर फरियाद कर चुकी है रन्नो देवी के खेत का बटवारा का विवाद उसके सौतेले देवर से चल रहा है रन्नो देवी ने अपने हिस्से की जमीन संतोष पांडेय निवासी टिकरा थाना महेवाघाट को खेती करने के लिए दे दिया है रन्नो देवी का खेत संतोष ने लेने के बाद 5 अगस्त को खेत में 10 मजदूरों को लगाकर धान की रोपाई करवा रहे थे इसी बीच महिला रन्नो देवी के देवर रोहित मिश्रा राजू मिश्रा खेत पर पहुंचे धान की रोपाई कर रही मजदूर महिलाओं को गाली गलौज किया और मारपीट का प्रयास करने लगे मजदूर महिलाओं से कहा कि यहां से चली जाओ यह खेत हमारा है धान लगाने के लिए तुमको इस खेत में किसने कहा जिस पर मजदूर महिलाओं को बुलाकर लाने वाली अम्बानी देवी पत्नी फूलचंद्र (परिवर्तित नाम) ने कहा कि रन्नो और संतोष के कहने पर मजदूरों को हम लेकर आए हैं जिसका खेत है उसने हमें धान रोपाई करने के लिए कहा है इसी बात पर रन्नो के सौतेले देवरो ने मजदूर अम्बानी देवी के साथ गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी महिला का आरोप है कि उसे निर्वस्त्र करके अपमानित किया गया है और लैंगिक आभासी शब्द से उसे जलील किया गया है दबंग के इस कारनामे से महिला मजदूर अपने घर आई और परिवार को पूरी बात बताई उसके बाद बैरमपुर पुलिस चौकी में तहरीर दिया लेकिन चौकी पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई जिस पर महिला ने मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक को देकर कार्यवाही की मांग की जमीनी विवाद के चलते तनाव की स्थिति है और कुछ भी हो सकता है इसलिए पुलिस अधिकारियों और राजस्व विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेना होगा और किसी अनहोनी घटना के पहले इस मामले का निस्तारण करना होगा।

## बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कई बार कहने के बावजूद बिजली विभाग के लोगो ने खंभे में उतरे करंट को सही नही किया**

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट आने से एक युवक की मौत हो गई,युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है,ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार कहने के बावजूद बिजली विभाग के लोगो ने खंभे में उतरे करंट को सही नही किया,जिसके चलते एक युवक की मौत हो गई,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के काकराबाद गांव निवासी श्यामू उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र हीरा लाल किसी काम से जा रहा था,जैसे ही बिजली के खंभे के पास पहुंचा अचानक उसे करंट लग गया,करने लगने से उसकी मौत हो गई,श्यामू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से खंभे में करंट उतरा था,कई बार बिजली विभाग में सूचना दी गई लेकिन किसी ने आकर नही बनाया ,जिसके चलते एक युवक की जान चली गई।घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## मैनुअल स्कैवेन्जरों एवं अस्वच्छ शौचालयो का होगा सर्वेक्षण

**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन द्वारा जनपद में मैनुअल स्कैवेन्जरों एवं अस्वच्छ शौचालयो का सर्वेक्षण किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। शासन के निदेर्शानुसार जनपद के नगरीय ग्रामीण क्षेत्रों में अस्वच्छ शौचालयों तथा उसमें कार्यरत मैनुअल स्कैवेन्जर्स का सर्वेक्षण चिन्हीकरण का कार्य नगरीय क्षेत्र में स्थानीय निकायो एवं ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज विभाग द्वारा किया जा रहा है यदि कोई स्वच्छकार वर्तमान में अस्वच्छ पेशे से सम्बन्धित कार्य करता है तो नगरीय क्षेत्र से सम्बन्धित व्यक्ति सम्बन्धित नगर पालिका परिषद् नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्र का व्यक्ति सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के समक्ष अपना दावा प्रस्तुत कर सकतें हैं। दावा प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 16 अगस्त 2024 निर्धारित की गई हैं, इसके पश्चात प्रस्तुत किसी दावे पर विचार नही किया जायेंगा।

# व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर करें निस्तारित : डीएम

**जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने बैठक में मण्डी सचिव एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सहायक अभियंता जिला पंचायत का वेतन रोकने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि व्यापार बन्धु एवं उद्योग बन्धु की बैठक को गम्भीरता से लिया जाय तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाय। उन्होंने उपायुक्त राज्यकर को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर निस्तारित कराया जाय तथा क्षेत्र भ्रमण कर भी व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कार्य में लापरवाही पाये जाने पर उपायुक्त राज्यकर एवं सहायक आयुक्त राज्यकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। बैठक में देवीगंज के व्यापारियों ने बताया कि प्राइवेट व सरकारी स्कूल की छुट्टी के समय जाम की समस्या बन जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को स्कूलों की छुट्टी के समय अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर यातायात सुगम कराने तथा ईओ को व्यापारियों के साथ बैठक कर सड़क पर हुए अतिक्रमण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि लखनऊ जाने वाली सरकारी बस का स्टापेज देवीगंज चौराहे पर कर दिया गया है, परन्तु मंझनपुर से वाया शीतलाधाम देवीगंज से अयोध्या के लिए बस सेवा की शुरूआत अभी तक नहीं की गई हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एआरएम रोडबेज को पुनः पत्र प्रेषित करने के निर्देश दियें। बैठक में नगर पंचायत सिराथू के चन्दबहार में सरकारी जमीन पर खेल का मैदान बनाये जाने के प्रकरण पर ईओ ने बताया कि खेल का मैदान बनाये जाने की कार्यवाही की जा रहीं है, जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ सिराथू को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारियों ने ग्रामसभा काजीपुर बाजार मजरा जुनैदपुर जीटी रोड में बनी नाली चोक होने तथा चैम्बर खुले होने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए साफ-सफाई की मांग किये जाने पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, मूरतगंज को समस्या का समाधान कराने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारियों द्वारा सैनी एवं लेहदरी रोड पर बैरीकेटिंग कराये जाने की माग पर जिलाधिकारी ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को समुचित स्थान पर बैरीकेटिंग कराने के निर्देश दियें। बैठक में सैनी से अलीपुरजीता रोड पर बन रहें बाईपास का निर्माण कार्य अतिशीघ्र कराये जाने की माग पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 हरवंश सिंह ने बताया कि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य अधिकारी गण तथा व्यापारीगण-प्रान्तीय महामंत्री रमेश अग्रहरि, जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## बृजेश मेमोरियल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओ के इलाज के लिए उपलब्ध



**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद अंतर्गत बृजेश मेमोरियल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रत्येक गुरुवार को समाय सुबह 11बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओ मरीज को देखने के लिए उपलब्ध रहेगी ' उक्त आशय की जानकारी बृजेश मेमोरियल अस्पताल के युवा प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी है। यहां पर आपको बताना होगा की बृजेश मेमोरियल अस्पताल के मुखिया एवम गरीबों के मसीहा हड्डियों रोग के प्रचंड विद्वान तथा किसी भी तरह की हड्डी से संबंधित ऑपरेशन करने में महारथ हासिल कर चुके चिकित्सक मयंक केशरवानी ने भरवारी सहित जानपद वासियों के लिऐ सभी रोगों से ग्रसित बीमारियों को दूर करने के लिऐ आपने अस्पताल में डे बॉय डे चिकित्सकों को उपलब्ध कर रखा है 'यह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आर पाठक एम बी बी एस डी जी ओ डी एन बी किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ जो की बाई कार द्वारा आकर महिलाओ की गम्भीर से गम्भीर बीमारियों को दूर करने में सक्षम है डॉ आर पाठक गर्मवाती महिलाओ की संपूर्ण जॉच बच्चे दानी का ऑपरेशन में नार्मल ऑपरेशन एवम दर्द रहित डिलेवरी '। अंडे दानी की जॉच एवम इलाज बांझ पन का इलाज आदि सभी मर्ज का इलाज करती है।

संपादक

## दुश्मनी हसीना से है, हमसे नहीं

निश्चित रूप से बांग्लादेश में तख्तापलट का भारत पर असर होगा। हमारी सीमा ही चार हजार किलोमीटर से ज्यादा बड़ी है। फौजी और मजहबी रूप से ज्यादा कट्टर सत्ता होने से बांग्लादेश से घुसपैठ और शरणार्थियों का रेला आ सकता है। आंदोलन की सूत्रधार जमाते इस्लामी तो खुलेआम पाकिस्तान समर्थक है और वह बांग्लादेश बनने का विरोधी भी है। इस आंदोलन को भी आई एस आई के समर्थन की बात कही जा रही थी। बांग्लादेश में तख्तापलट के साथ ही भारत के पड़ोसी देशों में हमारा एकमात्र सच्चा मित्र शासन भी खत्म हो गया है। नया शासन अनिवार्यतः हमारा बैरी हो यह जरूरी नहीं है लेकिन राजनैतिक अस्थिरता, फौजी दखल और कई स्पष्ट भारत विरोधी राजनैतिक ताकतों के बीच किस किस्म का संतुलन बांग्लादेश में बनाता है और वह भारत से किस तरह का संबंध रखता है यह आने वाले वक्त में तय होगा। यह हमारी कूटनीति की परीक्षा भी है। मालदीव में एकदम भारत विरोधी शासन को बहुत जल्दी अपने रुख में 180 डिग्री का बदलाव करना पड़ा पर वह बहुत छोटा देश है और भारत पर उसकी निर्भरता कहीं अधिक है। नेपाल में भी ओली सरकार को नहीं पर खुद प्रधानमंत्री ओली और उनकी पार्टी का रुख चीन समर्थक है। पाकिस्तान की बात ही क्या है। श्रीलंका की सरकार भी भारत के बहुत पक्ष की नहीं है। अफगानिस्तान और चीन के अपने किस्से बहुत हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत चारों ओर से जिन देशों से घिरा है वहां की सरकारें भारत समर्थक नहीं हैं और इनसे रिश्ता रखते हुए भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाने होंगे।

बांग्लादेश की सत्ता छोड़ने और देश छोड़ने को मजबूर हुईं शेख हसीना के साथ ऐसा नहीं था। उनके पंद्रह साल लंबे शासन में भारत बांग्लादेश की तरफ से काफी निश्चिंत रहा है। भारत के काफी उद्यमियों ने बांग्लादेश के सस्ते श्रम के लोभ में अपने उत्पादन का केंद्र वहां भी बना रखा था। चीन भी बांग्लादेश के समुद्री लोकेशन और सस्ते श्रम को लेकर उसके आसपास मंडराता रहा है। और जब एकतरफा बांग्लादेश चुनाव में शेख हसीना की पार्टी को 300 में से 288 सीटों पर विजेता घोषित किया गया था तब उनकी सरकार को विश्वसनीयता का संकट था। उस समय भी चीन ने आगे बढ़कर उनका समर्थन किया था और उनकी सांस लौटी थी। लेकिन इसके बावजूद हसीना ने चीन के दबाव में तीस्ता को लेकर ऐसा समझौता नहीं किया जो भारत के हितों के खिलाफ होता। हसीना के शासन में पंद्रह साल में बांग्लादेश ने अच्छी आर्थिक तरक्की की थी और आज बांग्लादेश और वियतनाम जैसे मुल्कों पर दुनिया की नजर है। कई पैरामीटर पर बांग्लादेश भारत से बेहतर स्थिति में है। बाहर से काफी पूंजी बांग्लादेश में लगी है और हमारे हजारों बच्चों समेत इस पूरे क्षेत्र के बच्चे यहां के विश्वविद्यालयों और मेडिकल-इंजीनियरिंग कालेजों में पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन इससे शेख हसीना के शासन के सारे पापों को भुलाया नहीं जा सकता। अभी के आंदोलन में ही चार सौ नौजवान सेना और पुलिस की गोली का शिकार हुए थे। एक रात में ही 75 बच्चों के शव को चुपचाप दफनाया दिया गया था। विपक्ष की नेता खालिदा जिया जेल में बंद थीं तो लघु वित्त के अद्भुत प्रयोग के लिए नोबल पुरस्कार जीतने वाले मोहम्मद यूनुस भी जेल में थे। दूसरी ओर सरकारी बैंकों के भारी-भारी लोन का घोटाला करने वाले सरकार और शासन में प्रमुख बने बैठे थे। पिछला चुनाव भी लोकतंत्र का मजाक था और जिस आरक्षण को लेकर छात्रों, नौजवानों का आंदोलन जिस आरक्षण नीति को लेकर था उसमें सरकार और कोर्ट क्या खेल करते रहे यह समझना मुश्किल है। हसीना ने भी कभी आंदोलनकारियों से नहीं कहा कि वह अदालत के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। और जब आंदोलन उग्र हुआ तो उसे शांतिपूर्ण और बातचीत के माध्यम से निपटाने की जगह पहले अपने छात्र संगठन से हमले कराए गए और फिर कठोर पुलिस के तरीकों से दबाने का प्रयास अंततः भारी पड़ा। और खुद उस सेना प्रमुख वकारुज्जमां ने तख्ता पलट की है जिसे शेख हसीना ने डेढ़ महीने से भी कम समय पूर्व इस पद पर प्रमोट किया था। ऐसी गलती सत्ता के मद में होने से भी होती है। लेकिन इस प्रकरण में भारत ने उनको अपने यहां आने दिया और सुरक्षित रखा यह बहुत ही उचित व्यवहार है। शेख मुजीबुर्रहमान और बांग्लादेश की आजादी के साथ हमारा क्या रिश्ता रहा है यह बताने की यह जगह नहीं है। लेकिन यह कहने में हर्ज नहीं है कि शेख हसीना के साथ हमारा ज्यादा गहरा नाता है। जब 1975 में सैनिक तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान के पूरे परिवार के लोगों को मार डाला गया था तब से भारत से उनका रिश्ता है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ही नहीं विपक्षी गांधी परिवार से भी उनके घरेलू रिश्ते हैं। अभी जब वे मोदी जी के शपथ ग्रहण में आई थीं तो सोनिया गांधी से मिलना न भूलीं। पर यह याद रखना जरूरी है कि वे सत्तर पार कर चुकी हैं। और मुल्क में उनकी पार्टी अवामी लीग अभी भले सबसे ताकतवर हों पर वे वापसी कर पाएंगी इसमें संदेह ही रहेगा।

## बच्चों में बढ़ रहे निकट दृष्टि दोष के मामले, बचाव के लिए अपनायें ये उपाय

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में स्कूल जाने वाले बच्चों में निकट दृष्टि दोष महामारी बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, घर के अंदर खेलने और लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग करने से बच्चों में इस बीमारी के मामले बढ़ रहे हैं। निकट दृष्टि दोष में पास की चीजें साफ दिखती हैं जबकि दूर की चीजों को देखने में कठिनाई होती है।

पिछले कुछ दशकों में बच्चों में निकट दृष्टि दोष के मामले बढ़ रहे हैं। द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक दुनिया की लगभग आधी आबादी इस बीमारी से ग्रसित हो सकती है, जो 2010 में 28 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह दर विशेष रूप से एशिया में अधिक है, जहां 90 प्रतिशत किशोर और युवा वयस्क इससे प्रभावित हैं।

डिजिटल युग में बच्चों के कंप्यूटर, टैबलेट और स्मार्टफोन के स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से बच्चों में निकट दृष्टि दोष बढ़ने की संभावना और अधिक हो गई है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी में एक अध्ययन के हवाले से कहा गया है कि जो बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताते हैं, उनमें निकट दृष्टि दोष विकसित होने का जोखिम ज्यादा होता है।

कुछ जानकारों का मानना है कि इस बीमारी के पीछे आनुवांशिकी भी एक भूमिका निभाती है। माता-पिता से बच्चों में यह बीमारी आने की संभावना ज्यादा होती है। हालांकि, वर्तमान समय में पर्यावरणीय कारक भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता माने जा रहे हैं।

बच्चों में निकट दृष्टि दोष का बढ़ना सिर्फ दृष्टि स्पष्टता के लिए चिंता का विषय नहीं है। यह भविष्य में आँखों के स्वास्थ्य से जुड़ी और भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है। गंभीर निकट दृष्टि दोष से रेटिना डिटैचमेंट, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद का जोखिम बढ़ जाता है। एक अभिभावक के तौर पर आपको इसके जोखिम को कम करने के लिए नीचे दिये गये सुझावों पर अमल किया जा सकता है।

**चश्मे का नियमित उपयोग सुनिश्चित करें :**

बच्चों को हर समय अपने चश्मे का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि इससे आंखों की मांसपेशियों पर तनाव और आंखों की थकान कम होती है। हालांकि इसका तत्काल अल्पावधि में शक्ति पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ सकता है, लेकिन दीर्घकालिक अनुवर्ती में आंखों की शक्ति में उछाल आने की प्रवृत्ति होती है।

# पडोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

-ललित गर्ग-



भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा?

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है।

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं।

नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है।

भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भुटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे इर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं।

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थों की रोटियां सेंकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।

इन पडोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

**प्रेषकः-**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25, आई0पी0 एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

## अहं और प्रजातंत्र विरोधी रवैया शेख हसीना के अधःपतन के लिए जिम्मेदार

**- एल.एस. हरदेनिया**

भारत से भी बांग्लादेश के संबंध अच्छे हो गये। जिन बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर भाजपा अपनी राजनीति करती थी उसमें कुछ हद तक ब्रेक लग गया और नरेन्द्र मोदी ने भी बांग्लादेश से अपने संबंध सुधारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। परंतु धीरे-धीरे शेख हसीना को सत्ता का नशा चढ़ने लगा। वहां उन्होंने अपने विरोधियों पर जबरदस्त ज्यादतियां कीं। बांग्लादेश में शेख हसीना और उनकी सरकार के अधःपतन के बाद शायद दुनिया में एकमात्र धर्मनिरपेक्ष इस्लामिक देश का पतन हो गया है। शेख हसीना के पिता मुजीबुर रहमान बांग्लादेश के निमार्ता थे। उन्होंने यह सिद्ध किया था कि नागरिकों के लिए धर्म से ज्यादा महत्व भाषा का है। जब पाकिस्तान के अधिनायकशाही शासकों ने बांग्लादेश पर उर्दू को लादने की कोशिश की थी तो उन्होंने इसे नामंजूर कर दिया था और यह कहा था कि बांग्ला भाषा ही हमारी मातृभाषा है। इसके साथ ही पाकिस्तान के चुनाव में मुजीबुर रहमान को बहुमत मिला था। इसके बावजूद पाकिस्तान के शासकों ने उन्हें पाकिस्तान का प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। इस सबका बांग्लादेश के नागरिकों ने जबरदस्त विरोध किया और उन्होंने पाकिस्तान से अलग होने का फैसला किया। इस बीच मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश का शासन दक्षिणपंथी इस्लामी ताकतों के हाथ में आ गया। परंतु कुछ समय के बाद मुजीबुर रहमान की आवामी लीग फिर सत्ता में आ गई और शेख हसीना प्रधानमंत्री बनीं। उनके शासनकाल में बांग्लादेश ने काफी प्रगति की। वहां की आर्थिक व्यवस्था में भारी सुधार हुआ। आर्थिक प्रगति के साथ ही शेख हसीना ने वहां अनेक संवैधानिक सुधार किए। इन सुधारों के जरिये उन्होंने बांग्लादेश को एक पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाया। वहां रहने वाले अल्पसंख्यकों को जिनमें हिन्दू भी शामिल थे, पूरी सुरक्षा दी और दक्षिणपंथियों को सिर उठाने का अवसर नहीं दिया। भारत से भी बांग्लादेश के संबंध अच्छे हो गये। जिन बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर भाजपा अपनी राजनीति करती थी उसमें कुछ हद तक ब्रेक लग गया और नरेन्द्र मोदी ने भी बांग्लादेश से अपने संबंध सुधारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। परंतु धीरे-धीरे शेख हसीना को सत्ता का नशा चढ़ने लगा। वहां उन्होंने अपने विरोधियों पर जबरदस्त ज्यादतियां कीं। यहां तक कि उनकी सबसे बड़ी विरोधी पार्टी की नेता खालिदा जिया को जेल में डाल दिया। उनकी पार्टी को चुनाव लड़ने में तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न कीं और स्थिति इतनी खराब हो गई कि खालिदा जिया की पार्टी ने अभी पिछले चुनाव में भाग लेने से भी मना कर दिया। इसी तरह वहां की एक और पार्टी जमाते इस्लामी को उन्होंने आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया, जबकि जमात का बांग्लादेश में प्रभाव था। उन्होंने हर तरह से लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला किया। नतीजे में उनकी लोकप्रियता घटती गई और एक मौका ऐसा आया कि लगभग पूरा बांग्लादेश उनके विरूद्ध हो गया। जब उन्होंने उनके विरोधियों को आतंकवादी कहा और उन्हें रजाकार भी निरूपित किया, इससे पूरे बांग्लादेश में आक्रोश फैल गया। फिर इन्होंने एक और गलत फैसला किया कि उन लोगों को जो 1971 के पाकिस्तान विरोधी आंदोलन में शामिल हुए थे उनको नौकरी देने का फैसला किया। नौकरी प्राथमिकता पर दी जाने लगी और सरकारी नौकरियों में उन्हें 30 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया। इसका जबरदस्त विरोध बांग्लादेश में हुआ और इस विरोध ने शेख हसीना का व्यक्तिगत रूप ले लिया और मांग उठने लगी कि शेख हसीना इस्तीफा दो और बांग्लादेश छोड़ो।

## भारत के लिए संभल कर चलने का वक्त



बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद वहां के सियासी हालात और भारतीयों की सुरक्षा समेत कई जरूरी सवालों पर आज केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, इसके अलावा विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने संसद में भी इस पर आधिकारिक बयान दिया। केंद्र सरकार के मुताबिक 5 अगस्त को शेख हसीना ने बेहद शार्ट नोटिस पर कुछ लम्हे के लिए भारत आने की अनुमति मांगी और इसके साथ ही बांग्लादेश प्रशासन ने फ्लाइट क्लियरेंस की अनुमति मांगी, जिसके बाद 5 तारीख की शाम को शेख हसीना दिल्ली पहुंच गई। सरकार ने संसद में यह जानकारी भी दी कि वहां के अल्पसंख्यक समुदायों और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर उसकी नजर है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यह जानकारी सामने आई है कि शेख हसीना के ब्रिटेन जाने पर भी संशय है, क्योंकि वहां की सरकार ने उन्हें किसी भी तरह का कानूनी संरक्षण देने से इनकार कर दिया। ब्रिटिश सरकार ने शेख हसीना से कहा है कि अगर उनके खिलाफ कोई कानूनी-कार्यवाही शुरू होती है तो ब्रिटेन उनका बचाव नहीं करेगा।

इन स्थितियों में शेख हसीना का अगला कदम क्या होगा, इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन जिस तरह अपनी सुरक्षा के लिए उन्होंने सबसे पहले भारत से ही संपर्क किया और वह भी काफी कम वक्त में, उससे जाहिर होता है कि भारत और बांग्लादेश के रिश्ते कितने मजबूत रहे हैं। अब जो नयी सरकार गठित होगी, क्या उसके साथ भी भारत के संबंध सौहार्द्रपूर्ण और भरोसे के रहेंगे, इसे परखना होगा। क्योंकि बांग्लादेश भारत का पड़ोसी देश ही नहीं है, हमारी सीमाओं के साथ-साथ आर्थिक, सामरिक, सांस्कृतिक हितों की भी साझेदारी है। जिन हालात में इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान के दो हिस्से कराकर बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, उस हार का स्वाद पाकिस्तान अब तक नहीं भूला है और चीन ने भी भारत की सक्षमता को तब देख लिया था।

लेकिन अब चीन और पाकिस्तान दोनों बांग्लादेश को आधार बनाकर भारत में अपने गलत इरादों को अंजाम देने की कोशिश करेंगे, इस बारे में भारत को पहले से सचेत रहना होगा। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूछा कि क्या सरकार के पास बांग्लादेश के घटनाक्रम में किन्हीं बाहरी ताकतों की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है, तो विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सरकार के पास केवल पाकिस्तान के राजनयिक की बदली हुई डीपी (डिस्प्ले पिक्चर) के बारे में जानकारी है जो विद्रोहियों को उनके समर्थन को दशार्ती है।

यह जानकारी छोटी सी है, लेकिन इसके मायने काफी गहरे हैं। पाकिस्तान के राजनयिक अगर विद्रोहियों को समर्थन दे रहे हैं, तो जाहिर है कि बांग्लादेश की राजनैतिक अस्थिरता या वहां कठपुतली सरकार बनाने में बाहरी ताकतों की दिलचस्पी है। ये ताकतें कौन सी हैं, और इनका असल मकसद क्या है, इसे बेहद सावधानी के साथ विश्लेषित करने की जरूरत है। क्योंकि बांग्लादेश केवल मोहरा हो सकता है और निशाने पर कोई और हो सकता है। अफ्रीका और एशिया के कई देशों में पि्‌ सरकारों को बिठाने का सफल प्रयोग वैश्विक ताकतें पहले कर चुकी हैं, अरब बसंत जैसे उदाहरण भी हमारे सामने हैं, जहां आंदोलन के प्रत्यक्ष कारण कुछ और होते हैं और छिपे हुए एजेंडे जब तक सामने आते हैं, तब तक देश बर्बाद हो चुके होते हैं। ऐसे आंदोलनों में धर्म और नस्ल के नाम पर अत्याचार सहउत्पाद की तरह आता है और लोगों का ध्यान उन्हीं में उलझ कर रह जाता है। इस वक्त बांग्लादेश में भी यही सब हो रहा है। हिंदुओं पर मंडराता खतरा, मंदिरों पर हमला, ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जिनसे भारत में चिंता उपजना स्वाभाविक है। लेकिन क्या धर्म की आड़ में लोकतंत्र पर मंडराए खतरे से ध्यान भटकाया जा रहा है, यह भी समझना होगा।

शेख हसीना की चुनावों में जीत पर सवाल उठाना, उनकी नीतियों और फैसलों का विरोध करना, उनसे इस्तीफे की मांग करना, सब जायज रहता, अगर यह सब लोकतंत्र के दायरे में रहकर किया जाता। लेकिन शेख हसीना को जिन हालात में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया और फिर बंग बंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा को प्रहार करके तोड़ा गया, वह असल में लोकतंत्र पर प्रहार था। आंदोलनकारियों ने जिस तरह शेख हसीना के आवास पर कब्जा किया और उनके निजी सामान का बेहूदा प्रदर्शन किया, वह उपद्रवियों और दंगाइयों का आचरण था, आंदोलनकारी इस तरह अपने लक्ष्य से नहीं भटकता करते हैं।

बांग्लादेश में लोकतंत्र का ढहना भारत के लिए किसी लिहाज से अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि इस समय हमारे पड़ोसी देशों में एक बांग्लादेश ही था, जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम थी। वहां की अंतरिम सरकार कितनी लोकतांत्रिक रहती है, यह तो आगे जाकर ही पता चलेगा। लेकिन फिलहाल नरेन्द्र मोदी की सरकार को हरेक कदम सावधानी से उठाना होगा और इसके लिए अगर विपक्षी दलों से सलाह-मशविरा किया जाए, तो उसमें कोई हर्ज नहीं है। मंगलवार को जो सर्वदलीय बैठक हुई, उसमें सभी दलों ने सरकार से सहयोग ही किया है, लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि इस अतिमहत्वपूर्ण विषय पर हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं क्यों अनुपस्थित रहे। इसी तरह आम आदमी पार्टी को इस बैठक में शामिल करना सरकार ने क्यों जरूरी नहीं समझा, इसका तार्किक जवाब भी सरकार को देना चाहिए। क्योंकि यह वक्त क्षुद्र राजनीति का नहीं है।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य ने वारंटी देवीदीन पुत्र राजकुमार उर्फ रामकुमार डिलौरा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही रविशंकर व लल्लू प्रसाद शामिल रहे।

## कांग्रेस का जाति जनगणना अभियान समाप्त




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जाति जनगणना एवं आरक्षण में पचास फीसदी की पाबंदी हटाने को लेकर कांग्रेस पिछडा वर्ग विभाग पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चला रहा है।

बुधवार को अभियान के तहत जिले में पिछले एक अगस्त से कांग्रेस के पिछडा वर्ग के जिलाध्यक्ष राजनारायण यादव की अगुवाई में जारी हस्ताक्षर अभियान के अंतिम दिन पहाड़ी ब्लॉक के पिलखिनी गांव में अभियान संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष राजनारायण यादव ने कहा कि सरकार जाति जनगणना कराने से बच रही है। आरक्षण पर सरकार की नियति ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हर हाल में जाति जनगणना कराने की बात कही है। कांग्रेस की इस मांग पर सरकार बैकफुट में है। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार आरक्षण को समाप्त करना चाहती है। जिला सचिव प्रमोद यादव, मान सिंह यादव ने लोगों से अभियान में भागीदारी की अपील की है। कार्यक्रम में पहाडी ब्लॉक उपाध्यक्ष सुधीर पटेल, सचिन कुमार, सुनील यादव, नत्थू यादव, दिनेश कुशवाहा, लवकुश यादव, पिंकू यादव, भूपेंद्र यादव, मुन्ना यादव, प्रकाश सिंह, सूरज सिंह, संदीप प्रजापति, कुलदीप यादव, रामेश्वर सिंह, फूलचंद्र आदि मौजूद रहे।

## पार्क निर्माण की जांचकर लगायें नये झूले, पूर्व वार्ड मेम्बर देंगे धरना



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि पुरानी बाजार में नए पार्क निर्माण में शासन के धन का बंदरबांट हुआ है। दो वर्षों में पार्क के झूले व चहारदीवारी, फिसल पट्टी टूटकर जमीदोज हो चुकी है। पार्क में नया सामान फिर से बच्चों के लिए लगवाया जाये।

बुधवार को पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि पार्क की दशा न सुधारने पर उन्हें अनशन पर बैठना पडेगा। उन्होंने कहा कि शासन के धन का 80 लाख से ऊपर विकास के नाम पर पुरानी बाजार में नये पार्क निर्माण पर जिम्मेदारों ने धन का बंदरबांट किया है। निजी स्वार्थ के चलते पार्क की दुर्दशा हो गई है। पार्क में लगे नये सामान एक वर्ष भी नहीं चल सके। जिम्मेदार प्राधिकरण व नगर पालिका एक-दूसरे पर गलती थोप रहे हैं। पार्क के कार्यों की जांच की मांग करते हुए बच्चों के लिए नया सामान लगवाने की मांग की है, ताकि पुरानी बाजार पार्क की हालत में सुधार हो सके। पार्क इन दिनों ढांचा बनकर रह गया है। नई सामग्री के साथ पहले किये निर्माण व सामग्री की जांचकर कार्रवाई की जाये। आख्या देने में लीपापोती करते हैं। स्पष्ट व सही जानकारी नगर पालिका नहीं दे रहा। ये पार्क जन भावनाओं से जुड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया कि पार्क के नाम पर खिलवाड करने वालों पर कार्यवाही की जाये। चेताया कि ऐसा न होने पर वे अनशन को बाध्य होंगे।

## यमुना का जल स्तर बढा, तलहटी गांवों में बढी बेचैनी, एसडीएम-सीओ ने बाढ चैकियों को किया सतर्क

**अखंड भारत संदेश**



**राजापुर/चित्रकूट।** यमुना नदी का जल स्तर लगातार चार से पांच सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। यमुना की तलहटी में बसे गांवों के लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। अभी किसी गांव को कोई खतरा नहीं है। तलहटी के गांवों में लेखपालों व प्रधानों को एसडीएम व सीओ ने सतर्क किया है।

बुधवार को लगातार बारिश से यमुना नदी का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। राजापुर तहसील क्षेत्र के रीठी, भंभेट, बरुआ, केवटरहा, चिल्लीराकस, कनकोटा, भदेहदू, चांदी, धुमाई, कुसेली, सरधुवा, अर्की, चिल्लीमल, बेलास आदि गांवों के लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है। तलहटी पर बोई साग-सब्जियां जलमग्न हो गई हैं। बरुवा गांव के ऐश्वर्य प्रताप सिंह, पूरन सिंह ने बताया कि गुंता नदी में बाढ़ आने से शिवलहा पुरवा, टिकरा, सिरावल गांव का सम्पर्क टूट गया है। यात्री नाव से आवागमन कर रहे हैं। चिल्लीमल गांव के पूर्व प्रधान करुणेश मिश्रा, सुशील मिश्रा, रामविलास यादव, रोहित सिंह आदि ने बताया कि कड़ी मेहनत से गरीब तबके के लोगों ने यमुना तलहटी पर बंटाई पर साग-सब्जियां बोई थी, जो बाढ़ से जलमग्न हो गई हैं। साग-सब्जियों को बेंचने से घर का गुजारा चलता था। अब भोजन के लाले पड़े हैं। एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा ने बताया कि यमुना का जल स्तर बराबर बढ़ रहा है। यमुना नदी में बनाई आठ राहत चैकियों में खोपा, भदेहदू, सरधुवा, अर्की, बिहरवा, राजापुर, चिल्लीमल, भंभेट को सक्रिय यिा है। लेखपालों को निर्देश दिये हैं कि बाढ़ चैकियों में पोस्टर व बैनर लगा दें। हर चैकी में लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी व चकबंदी कर्मियों की तैनाती की गई है। तलहटी गांवों को अभी कोई खतरा नहीं है। बाढ़ पर नजर रखने को लेखपालों व प्रधानों को सतर्क किया है। तहसील राजापुर बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम बनाया है। पल-पल की खबर देने के निर्देश दिये हैं। चार से पांच सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से पानी बढ़ता जा रहा है। तहसील प्रशासन बाढ़ से निपटने को पूरी तरह मुस्तैद है।

# निरीक्षण में बीएसए को प्रधानाचार्य सोते मिले

फोटो-
निरीक्षण करते बीएसए।
यह फोटो 07 सीकेटी सात में है।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की गरज से जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने पहाड़ी ब्लाक के सात विद्यालयों का निरीक्षण किया। गैरहाजिर शिक्षकों का वेतन रोकने के आदेश दिये।

बुधवार को निरीक्षण दौरान बीएसए बीके शर्मा को उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी में सभी शिक्षक स्टाफ व नामांकित 67 छात्रों के सापेक्ष 30 छात्र मिले। विद्यालय में कार्यरत दोनों सहायक अध्यापक कक्षाओं में न होकर बरामदे में घूमते मिले। बीएसए ने दोनों को चेताया व प्रधानाध्यापक को निर्देश दिये कि निर्धारित समय अनुसार खुद व सहायक अध्यापकों से कक्षाओं का संचालन करायें। प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी भाग एक के निरीक्षण में सभी शिक्षक स्टाफ व नामांकित 86 छात्रों के सापेक्ष 37 छात्र मिले। बीएसए के पूंछे प्रश्नों का छात्रों ने सही उत्तर दिया। कम्पोजिट विद्यालय खरसेडा के निरीक्षण में सहायक अध्यापक रामप्रकाश गैरहाजिर मिले। सहायक अध्यापक वेंकटेश मिश्र व शिक्षामित्र पंकज त्रिपाठी पांच अगस्त से गैरहाजिर बताये गये। अनुपस्थिति बाबत विवरण प्रधानाध्यापक ने हाजिरी रजिस्टर में अंकित किया था। गैरहाजिर शिक्षक, शिक्षामित्र का गैरहाजिर



दिवसों में वेतन रोकने के आदेश दिये। कुल नामांकित 123 छात्रों में 52 छात्र मिले। एमडीएम के तहत तहरी बनवाने की तैयारी हो रही थी। कम्पोजिट विद्यालय नांदी के निरीक्षण में कार्यरत शिक्षामित्र वंदना देवी कई महीनों से गैरहाजिर बताई गईं। नामांकित 224 छात्रों के सापेक्ष 149 छात्र मिले। दूध का वितरण नहीं हुआ। विद्यालय में प्रधानाध्यापक कक्ष के बाहर सोते मिले। बीएसए ने प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी। कम्पोजिट विद्यालय तौरा के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक संतोष कुमारी, सहायक अध्यापिका आस्था गुप्ता चिकित्सीय अवकाश व सहायक अध्यापिका सविता वर्मा तथा आरती देवी हरितालिका तीज पर अवकाश पर बताई गईं। विद्यालय का संचालन सहायक अध्यापक बिहारीलाल कर रहे थे। कुल नामांकित छात्रों 186 में 118 छात्र मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय चकौंध निरीक्षण में छात्रों को एमडीएम के तहत तहरी खिलाई जा रही थी। दूध बांटा जा रहा था। 104 छात्रों के सापेक्ष 56 छात्र मिले। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चकौंध में नामांकित 100 के सापेक्ष 86 छात्र मिले।

# डायरिया से मौतों के बाद भी नहीं चेता जल संस्थान

## त्रिस्तरीय समिति नहीं करा रही साफ-सफाई

अखंड भारत संदेश

पहाड़ी/चित्रकूट। जल संस्थान के दूषित पानी पीने से डायरिया फैलने से दो लोगों की मौत के बाद भी अधिकारी नहीं चेत रहे। जल संस्थान के कर्मचारी नलों में आ रहे दूषित पानी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया मरीजों की भारी भीड़ लगी है।



बुधवार को पहाड़ी कस्बे के भारद्वाज मोहल्ले के हर घर में डायरिया ने डेरा जमा लिया है। डायरिया फैलने का सबसे बड़ा कारण जल संस्थान की दूषित व बदबूदार पेयजल आपूर्ति है। ग्रामीणों की कई बार शिकायत के बाद भी जल संस्थान के अधिकारी/कर्मचारियों के कानों में जूं नहीं रेंगी। पहाड़ी के भारद्वाज मोहल्ले में डायरिया से तीन दिन पहले ननकी पत्नी जगदीश भुजवा व दो दिन पहले रज्जा पुत्र जगदेव भुजवा की मौत हो गई। उसी मोहल्ले के आरती पत्नी अशोक कुमार, संतोष पुत्र रामनरेश, अलका पुत्री रामनरेश, माही पुत्री गोविंद, गुलाब कुशवाहा, चुनकू सिंह, सुमन पत्नी आंनद समेत एक दर्जन लोग डायरिया की चपेट में हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के डॉक्टरों के अनुसार प्रतिदिन दस मरीज आ रहे हैं। बड़ी घटना के बावजूद जल संस्थान के अधिकारी/कर्मचारी पाइप लाइन में लीकेज ढूंढना उचित नहीं समझा। इससे दूषित व बदबूदार पानी की आपूर्ति जारी है। यहां तैनात कर्मचारी सुशील खुद गांव के ही व्यक्ति को नौकर रखे है। जब मर्जी आई, तब पानी चालू किया। जब मर्जी आई बंद कर दिया। पानी सही है या नहीं, उससे कोई मतलब नहीं है। सफाई कर्मियों की उदासीनता से गांव की नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। विकास कार्य को बनी त्रिसदस्यीय समिति सिर्फ धन ठिकाने लगाने में मस्त हैं। गांव की नालियों की सफाई से कोई मतलब नहीं है। गांव में संक्रामक बीमारियों से बचाव को शासन ने ग्राम स्वच्छता समिति गठित की है। प्रधान व सम्बंधित एएनएम के संयुक्त खाते में धन आता है। इसी धन से समय-समय पर गांव की साफ-सफाई तथा कीटाणु नाशक दवा छिड़काव होता है। आज तक दोनों सिर्फ धन निकाल कर पेट भरते हैं। गांव की स्वच्छता को कोई कार्य नहीं हुए। डायरिया रोग बाबत प्रभारी चिकित्साधिकारी डा उदय प्रताप सिंह से पूंछा तो उन्होंने बताया कि हमारी टीम ने पीड़ित मोहल्ले में कीटाणु नाशक दवा का छिड़काव किया है। पानी शुद्ध करने को क्लोरीन की गोलियां बांटी हैं। डा दीपक यादव ने बताया कि बीमारी से बचने को पानी उबाल कर पियें। ज्यादा से ज्यादा पानी पियें। फास्ट-फूड से परहेज करें। घरों के आसपास गंदगी न होने दें। बिमारी से रोगी को उल्टी-दस्त होती है। शरीर का पानी कम हो जाता है। कस्बा पहाड़ी के कल्लू भारद्वाज, रमेश गुप्ता, गोविंद सैनी, रामनरेश वर्मा, शिवप्रकाश, राकेश सिंह, अरविंद कुमार आदि ने जल संस्थान के दूषित पानी सप्लाई व लीकेज सही न करने पर रोष जताया। जिलाधिकारी से शिकायत की बात कही है।

# प्राकृतिक खेती से किसान करें आय दोगुनी: कामेश्वर सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के दौरे पर आये भाजपा उप्र किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के मुख्य आतिथ्य में राम शैय्या स्थित गौशाला में भाजपा किसान मोर्चा ने गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती विषयक गोष्ठी की। गोष्ठी से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने लैनाबाबा आश्रम में महाबली हनुमान जी के दर्शन-पूजन कर लोक कल्याण की मंगलकामना की।



मंगलवार को गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन व दीपांजली से किया। गोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बिहारा के प्रगतिशील किसान बंशगोपाल ओझा को सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा कामेश्वर सिंह ने गोष्ठी में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों के विकास को संकल्पित है। मोदी चाहते हैं कि अन्नदाता किसानों की आय दोगुनी हो। रासायनिक खाद व कीटनाशक से कैंसर बीमारी बढ रही है।

किसान भाई सुपर फूड मोटे अनाजों का उत्पादन करें। किसान देशी गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती करें। गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती से किसान की लागत कम होगी। शुद्ध विषमुक्त कृषि उत्पादन से आय बढेगी। कामेश्वर सिंह ने कहा कि गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती से लागत कम होगी। गौवंश का संरक्षण व संवर्धन होगा। किसान जीवामृत व घन जीवामृत का निर्माण कर खेतों में प्रयोग करें। प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसान भाइयों के साथ हर पल खड़ी हैं। भाजपा महामंत्री/किसान मोर्चो प्रभारी आलोक पाण्डेय ने कहा कि एक देशी गाय के गोबर से तीस एकड़ खेत को खाद मुक्त कर सकते हैं। प्रकृति से पोषण चक्र सीखना होगा। जिला महामंत्री डॉ अश्विनी अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार में गौशालाओं का संचालन हुआ है। संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा आभेष मिश्र ने किया। गोष्ठी में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, बांके बिहारी चैबे, अनूप त्रिपाठी, श्रवण पटेल, हीरो मिश्रा, अंकित पाण्डेय, रामबाबू सिंह, सुधीर मिश्रा, राम पाल, रमाकांत, अखिलेश, श्रद्धांशु, सुधीर, भगवानदीन, चन्द्र किशोर, विकास, शिव प्रकाश खंगार, राधिका बिहारी मिश्रा समेत किसान भाई सहभागी रहे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा रामसागर चतुर्वेदी, पीएन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष निर्मलेन्द्र पाण्डेय मौजूद रहे।

# सनातनियों को कुटुम्ब व्यवस्था की दिलाई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि बैनर तले श्रीराम सदन सभागार में सनातनी परिवारों के साथ भारत माता के चित्र में दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर सत्रवार बैठक की।



बुधवार को आरएसएस उप्र व उत्तराखण्ड के संयुक्त क्षेत्र कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख ओमपाल सिंह ने कहा कि भारत में पुरातन कुटुम्ब की व्यवस्था वैज्ञानिक पूर्ण व पूरे परिवार को साथ जोडकर रखने वाली है। एक-दूसरे के प्रति परस्पर स्नेह आदर सम्मान सिखाने वाली है। आज की आधुनिकता में विलुप्त होने की कगार पर है। उसी पुरातन पारिवारिक व्यवस्था के साथ रहकर आदर्श स्थापित करने पर जोर दिया। आरएसएस पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अशोक उपाध्याय ने धर्मनगरी के सनातनी को कुटुम्ब व्यवस्था की ओर लौटने की शपथ दिलाई। समाज में व्याप्त बुराइयों से मुक्ति मिलने का एकमात्र साधन है कुटुम्ब में आपसी सौहार्द, स्नेह व दायित्वबोध। जब परिवार संस्कारित होगा, तभी समृद्ध समाज का निर्माण होगा। कार्यक्रम संचालन विभाग कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख अशोक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख विनोद शंकर, विभाग प्रचारक मनोज, जिला कार्यवाह अतुल प्रताप, नगर कार्यवाह विजय किशोर, नगर कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख विनोद गुप्ता, सेवा प्रमुख श्याम सिंह परिहार, लोकेंद्र, कमल सिंह, दीपेंद्र, अभिकेत, अमन, दीपेंद्र, शकुंतला, संगीता करवरिया आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने ली आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आत्मा गवर्निंग बोर्ड बैठक में कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन को उप कृषि निदेशक राज कुमार ने आत्मा योजना के तहत डिस्ट्रिक एग्रीकल्चर ऐक्सन प्लान-डाप में प्राप्त लक्ष्यों व कार्यों की जानकारी दी। गत वर्ष कराये कार्यों से अवगत कराया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, नेशनल मिशन एडिबिल ऑयल सीडस, प्राकृतिक खेती, परम्परागत योजना, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, इन-सीटू योजना, यंत्रीकरण, एग्री जंक्षन योजना, उत्तर प्रदेश मिलेटस पुनरोद्धार आदि योजना के प्राप्त लक्ष्य व कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम देवेन्द्र सिंह ने एनएमएसए योजना के तहत आरएडी में चयनित ग्राम व लक्ष्य कार्य योजना बाबत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी योजनाओं को बडे स्तर से प्रचार कराकर पारदर्शिता से योजनाओं में किसानों का चयन कर लाभान्वित करायें। योजनाओं के कार्यों के अभिलेख संरक्षित करायें। सीडीओ अमृतपाल कौर ने निर्देश दिये कि गाइडलाइन अनुसार योजनाओं के लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों के स्थल, कृषक सूची व कार्य अभिलेख नियमानुसार तैयार कर अवलोकन को पत्रावली पेश करें। इस मौके पर भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक निदेश मत्स्य भानुचन्द्रा, देवराज, रेवतीरमण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## मोटा अनाज खायें, रहें निरोग: चन्द्रिका, डीडीए कृषि ने लगाया कृषि मेला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के रसिन गांव में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन त्वरित मक्का कार्यक्रम तथा कृषि सूचना तंत्र की मजबूती को कृषक जागरूकता के तहत किसान गोष्ठी व कृषि निवेश मेला में बतौर मुख्य अतिथि/पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती देशी गाय के गोबर की खाद से करें, ताकि विषमुक्त अनाज पैदा हो।

बुधवार को उन्होंने कहा कि गम्भीर बीमारियों से निजात पाने को बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या है। अनुकूल फसलों का किसान उत्पादन करें। श्री अन्न, बाजरा, ज्वार, काकून, सांवा, कोदो, रागी आदि फसलों की खेती करें, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ में दो फीसदी प्रीमियम जमाकर फसलों का बीमा करायें। प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की क्षति की भरपाई को बीमा क्लेम प्राप्त करें। किसान भाई गोदाम पर पचास फीसदी अनुदान पर बीज ले सकते हैं। पहले डीबीटी से पचास फीसदी अनुदान की धनराशि किसान के खाते में भेजी जाती थी। अब अनुदान छोड़कर कृषक अंश जमाकर बीज ले सकते हैं। किसान भाइयों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ छः हजार रुपये वार्षिक मिल रहा है। जो किसान योजना से वंचित हैं, वे जनसेवा केन्द्र में पंजीकरण कराकर लाभ ले सकते हैं। योजना में लाभ पाने से वंचित को भूलेख अंकन या ई-केवाईसी, आधार सीडिंग/एनपीसीआई से लाभ नहीं मिल रहा तो किसानों का भूलेख अंकन नहीं है, वे तहसील में खतौनी लेकर भूलेख अंकन करायें। जिन किसानों का ई-केवाईसी, आधार सीडिंग/एनपीसीआई नहीं है। वे नजदीकी जनसेवा केन्द्र व बैंक से कार्य पूरे करायें, ताकि लाभ मिल सके। कृषि विभाग से संचालित योजना व कृषि तकनीकी फसल सुरक्षा बाबत जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ कुलदीप सिंह, शाखा प्रबंधक इण्डियन बैंक, कृषि वैज्ञाानिक डा सतीश पाठक, श्रीमती गरिमा गुप्ता, श्रीमती शिवाली बागरी, शाशिकला लोधी, सविता कुशवाहा प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, श्रीकांत चैरिहा बीटीएम, हीरालाल, गोविन्द एटीएम, पवन कुमार प्रतिनिधि फसल बीमा कम्पनी, दरबारीलाल पटेल प्रधान रसिन व क्षेत्र के किसान भाई मौजूद रहे।

## मक्का मदीना रवाना हुए दो आजमीने

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के दो आजमीने जनाब कल्लू खान मंसूरी व जनाब औलादी खान मंसूरी उमरह मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। इस मौके पर गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा के सदर अध्यक्ष रज्जन अली व हाजी डा अफसर खान, अजीज खान व खोह के तमाम हिन्दू-मुस्लिम भाइयों ने विदाई दी।

## जुआ अधिनियम में दो को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह व पैरोकार सुजीत यादव की पैरवी से न्यायालय ने जुआ अधिनियम के दो आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व दो-दो सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। बुधवार को सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मानिकपुर थाने में दर्ज जुआ अधिनियम के आरोपी मनीष सोनकर पुत्र कुन्नूलाल शिवनगर व वीरेन्द्र सोनकर पुत्र राममिलन मानिकपुर रूलर को न्यायालय उठने तक की सजा व दो-दो रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

## नेपाल में एयर डायनेस्टी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार चीनी नागरिकों और पायलट की मौत



**काठमांडू।** नुवाकोट के शिवपुरी में एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 लोगों की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर में पायलट अरुण मल्ल के अलावा चार अन्य चीनी नागरिक सवार थे। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं।

बागमती पुलिस के डीआईजी बिष्णु कुमार केसी के मुताबिक हेलीकॉप्टर के काठमांडू हवाई अड्डे से रसुवा के सियाफ्रुवेसी के लिए उड़ान भरने वाला एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर बुधवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर हेलीकॉप्टर का काठमांडू एटीसी से संपर्क टूट गया था। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने दुर्घटना का समय दोपहर 1:54 बजे बताया है। प्राधिकरण ने बताया कि दुर्घटना की खबर मिलते ही प्रभु हेलीकॉप्टर कंपनी का हेलीकॉप्टर बचाव कार्य के लिए दुर्घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फिजी के नाडी में श्री शिव सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**नाडी (फिजी)।** में श्री शिव सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति फिजी की राजकीय यात्रा पर हैं। फिजी की राजधानी सुवा में आधिकारिक कार्यक्रमों के सफल समापन के बाद राष्ट्रपति नाडी पहुंची हैं।इससे पहले मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मू ने शहीद सैनिकों की स्मृति में सुवा में स्थापित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल का दौरा किया। मुर्मू ने हाईस्कूल में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सुवा में दिन के अंतिम आधिकारिक कार्यक्रम में फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली कैटोनीवरे ने स्टेट हाउस में राष्ट्रपति मुर्मू के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया। इसमें सभी क्षेत्रों के प्रतिष्ठित फिजीवासी एकत्र हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस अवसर पर राष्ट्रपति कैटोनीवरे, प्रधानमंत्री राबुका और फिजी की सरकार और लोगों को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति आज नाडी से ऑकलैंड-न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगी।

## कमला हैरिस ने टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना



**वाशिंगटन।** अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने मंगलवार को मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना। हैरिस का नवंबर में होने वाले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा। ट्रंप ने जे डी वेंस को रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है।वाल्ज (60) ने अपने राज्य के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा लागू करने में मदद की थी, जिसमें गर्भपात के अधिकारों के लिए व्यापक सुरक्षा और परिवारों को उदार सहायता शामिल है। हैरिस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वाल्ज ने कामकाजी परिवारों के लिए काफी काम किया है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को इस कदम से देश के ऊपरी मध्य-पश्चिम क्षेत्र में अपने चुनाव अभियान को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह क्षेत्र राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह डेमोक्रेट के लिए एक तटस्थ के रूप में कार्य करता है।हैरिस ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल कर ली।

## चीन को खुफिया जानकारी देने के लिए लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता को अमेरिका ने दोषी ठहराया

**न्यूयॉक।** चीन सरकार को खुफिया जानकारी देने के आरोप में अमेरिका ने चीनी अमेरिकी नागरिक को दोषी ठहराया है।अमेरिका में मंगलवार को एक चीनी अमेरिकी व्यक्ति को लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता होने के अपने दर्जे का इस्तेमाल कर असंतुष्टों की जानकारी जुटाने और उसे चीन सरकार को देने के आरोपों के लिए दोषी ठहराया गया। न्यूयॉर्क में एक संघीय न्यायाधीश ने शुजुन वांग के मामले में फैसला सुनाया। वांग ने शहर में एक लोकतंत्र समर्थक समूह की स्थापना में मदद की थी।अभियोजन पक्ष ने कहा कि चीन की मुख्य खुफिया एजेंसी के इशारे पर वांग एक दशक से अधिक समय तक दोहरा जीवन जी रहा था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## शेख हसीना से पहले ही कई मंत्रियों और दिग्गजों ने छोड़ा देश, बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री को ढाका हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया



**ढाका/लंदन।** बांग्लादेश में अराजकता और हिंसात्मक प्रदर्शन के बीच शेख हसीना के देश छोड़ने से पहले हसीना की अवामी लीग के कई शीर्ष नेता और सांसद तथा कैबिनेट मंत्री उनके जाने से पहले ही देश छोड़कर चले गए थे। वहीं पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद और पूर्व राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक को मंगलवार को देश छोड़ने की कोशिश करते समय ढाका हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया गया। हालांकि यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री हसीना ने अचानक पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था। हसीना सोमवार को बांग्लादेशी वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य विमान से भारत पहुंचीं।

ढाका ट्रिब्यून अखबार ने हवाई अड्डा विमानन सुरक्षा (एवीएसईसी) के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि महमूद दिल्ली जाने वाली उड़ान पकड़ने के लिए ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गए थे। अधिकारी ने बताया कि उन्हें बांग्लादेश छोड़ने की कोशिश करते समय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। महमूद हसीना सरकार में विदेश मंत्री थे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री ने पहले भारत से सटे एक भूमि बंदरगाह के माध्यम से निकलने का प्रयास किया था, लेकिन उन्हें सीमा पार करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

महमूद को हिरासत में लिए जाने से कुछ घंटे पहले ही राज्य के पूर्व दूरसंचार मंत्री जुनैद अहमद पलक को हवाई अड्डा अधिकारियों द्वारा देश छोड़ने से रोक दिया गया था। इससे पहले की मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि हसीना की अवामी लीग के कई शीर्ष नेता और सांसद तथा कैबिनेट मंत्री उनके जाने से पहले ही देश छोड़कर चले गए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अवामी लीग के महासचिव तथा पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादिर ने रविवार रात को ही देश छोड़ दिया था। पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक हसीना के इस्तीफे से पहले ही देश छोड़कर अज्ञात स्थान पर चले गए। हसीना के निजी सलाहकार तथा सांसद सलमान एफ. रहमान भी रविवार रात देश छोड़कर चले गए। रहमान के सहयोगियों ने उनके देश छोड़ने की जानकारी दी लेकिन वे यह पुष्टि नहीं कर सके कि वह किस देश के लिए रवाना हुए।

ढाका दक्षिण शहर निगम के महापौर और हसीना के भतीजे शेख फजले नूर तपोश शनिवार सुबह बिमान की उड़ान से ढाका से रवाना हुए। विमानन सूत्रों ने बताया कि वे सिंगापुर जाने वाले विमान में सवार हुए। इसके अलावा, अवामी लीग के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्रियों के अलावा उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मोहम्मद बदरुज्जमां भी देश छोड़कर जा चुके हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ए.एम. महबूब उद्दीन खोकन ने भारत से हसीना और उनकी बहन शेख रेहाना को गिरफ्तार करने और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आह्वान किया।

डेली स्टार ने खोकन के हवाले से कहा, हम भारत के लोगों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। कृपया, शेख हसीना और शेख रेहाना को गिरफ्तार करें, जो देश छोड़कर भाग गए हैं और उन्हें वापस बांग्लादेश भेज दें। शेख हसीना ने बांग्लादेश में कई लोगों की हत्या की है।

खोकन बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के संयुक्त महासचिव भी हैं।

उधर, शेख हसीना के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार के पतन पर मंगलवार को ब्रिटेन में प्रवासी बांग्लादेशियों ने खुशी जताई है। हालांकि, साथ ही वे अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए चिंतित भी हैं।

ब्रिटेन के कुछ विश्वविद्यालयों में भी छात्र समूह पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में चल रहे विवादास्पद नौकरी आरक्षण योजना के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे।

ब्रिटिश-बांग्लादेशी रेस्तरां उद्योग से जुड़े कई लोगों ने 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद अवामी लीग शासन के अंत का जश्न मनाया।

पूर्वी लंदन के व्हाइटचैप में लोकप्रिय सोनारगांव रेस्तरां के प्रबंधक बाबुल चौधरी ने कहा, हम बहुत खुश हैं, यह हमारा स्वतंत्रता दिवस है।

फीस्ट एंड मिष्टी रेस्तरां के निदेशक शरीफ इस्लाम ने कहा, हम बांग्लादेश की स्थिति को लेकर चिंतित हैं और उम्मीद करते हैं कि समय के साथ चीजें बेहतर हो जाएंगी।

## नेपाल में ऑनलाइन ठगी, बिहार-झारखंड के 12 युवक गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल सीमा पर बिहार के रक्सौल से महज 60 किमी. दूर हेटौडा में एक फ्लैट किराए पर लेकर ठगी करने वाले 12 युवकों को पकड़ा गया है। मेडी असिस्ट नाम की एक कंपनी का दफ्तर खोलकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की आड़ में ठगी का खेल चल रहा था। यहां परामर्श के नाम पर ऑनलाइन जुआ, ऑनलाइन सट्टेबाजी, उपहार का प्रलोभन देकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराने और क्रिप्टो करेंसी का भी कारोबार किया जाता था।


कुछ बाहर के लडके के एक फ्लैट कमरे में लेकर वहां से गैरकानूनी गतिविधि करने की सूचना मिलने के बाद छापा मारकर 12 लडकों को नियंत्रण में लिया गया है। एसपी रिजाल ने बताया कि पकडे गए अधिकांश बिहार और झारखंड के हैं जबकि एकाध दिल्ली का रहने वाला है। रिजाल के मुताबिक स्वास्थ्य सेवा परामर्श के नाम पर यहां से ऑनलाईन ठगी का धंधा चलाया जा रहा था।

हेटौडा के पुलिस एसपी सीताराम रिजाल ने बताया कि दिल्ली निवासी द्रविन कुमार सिंह ने नेपाल में 'मेडी असिस्ट' नाम की कंपनी पंजीकृत करवाई थी। इस कंपनी में काम करने वाले पटना आलमगंज के 28 वर्षीय नवनीत कुमार, झारखंड के 27 वर्षीय शाहरुख खान, पटना के ही 29 वर्षीय कुन्दन कुमार, नैनीताल उत्तराखंड के 26 वर्षीय आशीष कब्डौला, रांची के 34 वर्षीय विशाल, रांची के ही 38 वर्षीय लोकेश कुमार दूबे, रांची के 29 वर्षीय विकास कुमार सिंह, नांगलोई वेस्ट दिल्ली के 28 वर्षीय अरूण कुमार और गजियाबाद के 40 वर्षीय कुणाल शर्मा को पकड़ा गया है।

उन्होंने बताया कि इस पूरे धंधे का मास्टरमाइंड सहित तीन लोग फरार हैं। पकड़े गए 12 युवकों को मीडिया के सामने सार्वजनिक करते हुए एसपी रिजाल ने कहा कि यहां परामर्श के नाम पर ऑनलाइन जुआ, ऑनलाइन सट्टेबाजी, उपहार का प्रलोभन देकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराने और क्रिप्टो करेंसी का भी कारोबार किया जाता था। कंपनी के दस्तावेज में इस कंपनी के कर्मचारियों को 18 हजार रुपये से 50 हजार तक मासिक वेतन देने की बात कही गई है लेकिन इस तरह का कोई रिकार्ड नहीं मिला है।

एसपी रिजाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि झारखंड के रांची स्थित हेड ऑफिस में मेन सर्वर रखकर ठगी का यह धंधा 'क्विक कॉल क्लाइंट सॉफ्टवेयर' के माध्यम से चलाया जा रहा था। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से 'लक्षित' व्यक्ति की पहचान कर उसकी सारी जानकारी सॉफ्टवेयर के माध्यम से नेपाल से रांची भेजी जा थी। इनकी ठगी का शिकार सिर्फ नेपाल ही नहीं, बल्कि भारत समेत कुछ और देश के नागरिक हो रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने युवकों के पास से 13 मोबाइल फोन, 7 लैपटॉप, 3 राउटर, 1 हार्डडिस्क, 1 वेब कैम, मेडी असिस्ट के डाइरेक्टर के नाम से बनाए गए 2 पेपर स्टांप बरामद किये गए हैं।

## नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का नेता चुना गया



**ढाका।** बांग्लादेश में तख्तापलट और पूरे देश में अराजकता और हिंसात्मक माहौल के बीच नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को गठित होने वाली अंतरिम सरकार का नेता चुना गया है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन की अध्यक्षता में बंगा भवन (राष्ट्रपति भवन) में हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। ग्लोबल माइक्रोक्रेडिट आंदोलन के संस्थापक और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का प्रमुख प्रतिपक्षी माना जाता है।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने का प्रस्ताव मान लिया है। इस बैठक में आरक्षण आंदोलन के प्रमुख छात्र नेताओं के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे।

1974 में जब बांग्लादेश में अकाल पड़ा तब युनुस चटगांव यूनिवर्सिटी में इकोनॉमिक्स पढ़ाते थे। इस अकाल में हजारों लोग मारे गए थे। तब युनुस ने देश की विशाल ग्रामीण आबादी की मदद के लिए कोई बेहतर तरीका खोजने की सोची। गरीबों के बैंकरह्व के रूप में पहचाने जाने वाले यूनुस और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को 2006 का नोबेल शांति पुरस्कार मिला चुका है। कारण, उन्होंने गांव में रहने वाले गरीबों को 100 डॉलर से कम के छोटे-छोटे कर्ज दिलाकर लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद की थी। इन गरीबों को बड़े बैंकों से कोई मदद नहीं मिल पाती थी।

इसी साल जनवरी में यूनुस को श्रम कानून के उल्लंघन के लिए छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। जून में बांग्लादेश की एक अदालत ने यूनुस और 13 अन्य लोगों पर उनके द्वारा बनाए गए एक दूरसंचार कंपनी में वहां काम करने वाले लोगों के कल्याण कोष से 252.2 मिलियन टका (2 मिलियन डॉलर) के गबन के आरोप में में मुकदमा भी चलाया था। हालांकि उन्हें किसी भी मामले में जेल नहीं भेजा गया। यूनुस पर भ्रष्टाचार और अन्य कई आरोपों के 100 से अधिक अन्य मामले चल रहे हैं।

## भारत भेजने के लिए काठमांडू लाई गई 30 करोड़ की कोकीन के साथ एक विदेशी तस्कर गिरफ्तार



**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल से बीती देर रात एक विदेशी नागरिक को करीब साढ़े सात किलो कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से जब्त की गई कोकीन की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में 30 करोड़ रुपये आंकी गई है।

नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स ब्यूरो के मुताबिक बीती रात करीब सवा एक बजे कतर एयवेज के विमान संख्या क्यूआर 644 से काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर आए लातविया के एक नागरिक के पास से बड़े पैमाने पर कोकीन बरामद की गई है।

नारकोटिक्स ब्यूरो के एसएसपी दिनेश आचार्य ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के हैंडबैग की जांच करने पर उसमें रहे पिलो के भीतर चाकलेट की रैपर में कोकीन लाई गई थी। उन्होंने बताया कि बरामद की गई कोकीन का वजन 7.665 किलो है, जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 30 करोड़ रुपये है।

एसएसपी आचार्य ने बताया कि कोकीन के साथ पकड़ा गया विदेशी नागरिक लातिविया निवासी 51 वर्षीय इवास वाल्टर्स है, जो कि ड्रग्स कैरियर है। इस व्यक्ति को यह सामान डिलीवर करने के लिए 2000 यूएस डॉलर मिला था। पूछताछ में इस व्यक्ति ने बताया कि उसको कोकीन की यह कंसाइनमेंट यहीं के एक होटल में किसी भारतीय नागरिक को हैंडओवर करना था। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के बयान के आधार पर डिलीवरी लेने वाले गिरोह की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## मोहम्मद मैनुल इस्लाम को बांग्लादेश पुलिस की कमान



**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस की कमान वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद मैनुल इस्लाम को सौंपी गई है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार रात इस आशय की अधिसूचना जारी की।

गृह मंत्रालय के उप सचिव मोहम्मद महबुबुर रहमान शेख ने कहा है कि यातायात और ड्राइविंग स्कूल के कमांडेंट मोहम्मद मैनुल इस्लाम को नया पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किया गया है। वह चौधरी अब्दुल्ला अल मामुन का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामुन की संविदा नियुक्ति रद्द की जा चुकी है।

जर्मनीः होटल की इमारत ढहने से दो लोगों की मौत, कई फंसे

जर्मनी में एक होटल की इमारत का कुछ हिस्सा गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई है और कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं. होटल मोजेल नदी के किनारे बसे क्रोएव शहर में है

## जर्मनी: होटल की इमारत ढहने से दो लोगों की मौत, कई फंसे




जर्मनी में एक होटल की इमारत का कुछ हिस्सा गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई है और कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं. होटल मोजेल नदी के किनारे बसे क्रोएव शहर में है.

इमारत ढहने की घटना मंगलवार रात 11 बजे के करीब हुई. यह होटल फ्रैंकफर्ट के पश्चिम में करीब 68 किलोमीटर दूर क्रोएव में है. बुधवार सुबह पुलिस ने इस घटना के बारे में जानकारी दी. बताया जा रहा है कि हादसे में प्रभावित हिस्से में 14 लोग थे. इनमें से पांच लोग होटल से सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गए क्योंकि वो होटल के उस हिस्से में नहीं थे जो ढह गया. दो लोगों की मौत हुई है और इनके अलावा बचाव अधिकारियों ने मलबे में फंसे सात लोगों से बात करने में सफलता पाई है. इनमें से चार लोगों को बाहर निकाल लिया गया है.

यूरोकप में फैंस के लिए इंतजामों ने खोली जर्मन कार्यकुशलता की पोल बेर्नकास्टेल विटलिष डिस्ट्रिक्ट के आपदा संरक्षण अधिकारी योएर्ग टॉयश के मुताबिक एक मंजिल ढह जाने की वजह से दो छतें एक दूसरे के ऊपर आ गई हैं. इस वजह से फंसे हुए लोगों तक पहुंच पाना मुश्किल साबित हो रहा है. टॉयश ने कहा, "हमें बहुत सावधानी से आगे बढ़ना होगा क्योंकि पूरी इमारत जैसे ताश के पत्तों का घर है. अगर हमने गलत पत्ता खींच लिया तो पूरी इमारत का ढहना तय है."

चार लोग बाहर निकले

जिन लोगों को बाहर निकालने में सफलता मिली है उनमें, एक पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है. बच्चे की मां को मामूली चोटें आई हैं. बच्चे के पिता अब भी मलबे में फंसे हुए हैं. हालांकि टॉयश ने कहा कि उनके जल्दी ही बाहर निकल आने की उम्मीद है. यह परिवार नीदरलैंड्स का निवासी है.

टॉयश ने कहा, "हम सब की आंखों में आंसू थे और मुझे अब भी वैसा ही महसूस हो रहा है. पूरी कहानी में यह बहुत भावुक हिस्सा था. जब हम यहां आए तो हमें ऐसा लग रहा था कि हम किसी को नहीं निकाल पाएंगे."

इमारत ढहने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है. स्थानीय सरकारी प्रसारक एसडब्ल्यूआर का कहना है कि चश्मदीदों ने एक जोरदार आवाज सुनी और उसके बाद गिरती हुई इमारत से धुल का गुबार दिखा.

जर्मनी में सीवर सिस्टम में काम कर रहे तीन कर्मचारियों की हादसे में मौत।